वार्षिक रिपोर्ट
2002-03

रबड़ बोर्ड
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

भारत सरकार

अनुक्रमणिका

क्रम सं.			विषय	पृष्ठ सं.
01	भाग	I	प्रस्तावना	5
02	भाग	II	रचना और कार्य	7
03	भाग	III	प्रशासन ➢ स्थापना ➢ विपणन ➢ श्रमिक कल्याण ➢ विधिक ➢ राजभाषा कार्यान्वयन ➢ प्रचार एवं जन संपर्क ➢ सतर्कता	14
04	भाग	IV	रबड़ उत्पादन	22
05	भाग	V	रबड़ अनुसंधान	30
06	भाग	VI	वित्त एवं लेखा	37
07	भाग	VII	अनुज्ञापन व उत्पाद शुल्क	40
08	भाग	VIII	संसाधन एवं उपज विकास	45
09	भाग	IX	प्रशिक्षण एवं तकनीकी परामर्श	48
10	भाग	X	साँख्यिकी एवं योजना	51
11	भाग	XI	साँख्यिकीय सारणियाँ	53

भाग - I

प्रस्तावना

भारत सरकार ने रबड़ अधिनियम 1947 के अधीन देश में रबड़ खेती उद्योग के विकास के प्राथमिक लक्ष्य से कोरपोरेट निकाय के तौर पर रबड़ बोर्ड की गठन की। ***हीविया ब्रासीलियनसिस*** द्वारा उत्पादित लाटेक्स से संसार के सर्वाधिक बहु उपयोगी कच्चे माल के रूप में जाननेवाला स्वाभाविक रबड़ प्राप्त होता है । इस कच्चे माल का उपयोग भारत में करीब 35000 उत्पादों के निर्माण में किया जाता है तथा राष्ट्र के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में इसकी अपार देन है । बोर्ड ने विकास एवं विस्तार की एक सख्त श्रृंखला की संस्थापना की तथा जिसके फलस्वरूप क्षेत्र के विस्तार, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के क्षेत्रों में याने रबड़ बागान क्षेत्र के सभी स्तरों में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है । साथ ही साथ अनुसंधान को इसका प्रणोद क्षेत्र माना तथा रबड़ के जैविकीय एवं प्रौद्योगिकीय सुधार हेतु अनुसंधान चलाने के लक्ष्य से बोर्ड ने 1955 में भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान की संस्थापना की ।

बोर्ड इसके प्रारंभ से ही रबड़ की वैज्ञानिक खेती को प्रोत्साहन देता आ रहा है । छठी योजना अवधि से रबड़ के नवरोपण एवं पुनर्रोपण प्रोत्साहित करने के लिए रबड़ बागान विकास योजना नामक रबड़ बागान हेतु एक एकीकृत योजना प्रचालित हैं तथा इसे सर्वाधिक सफल योजनाओं में एक माना जाता है । इसके अलावा उत्पादकता में वृद्धि लाने, वैयक्तिक एवं सामूहिक प्रयासों से गुणवत्ता में सुधार लाने, कृषकों के मूल स्तरीय संगठन बनाने हेतु सुविधा प्रदान करने तथा रबड़ खेती द्वारा स्थायी विकास सुनिश्चित करने में उन्हें सशक्त करने के लिए कृषकों को विकास एवं विस्तार समर्थन दिया जाता है। गैर-पारंपरिक क्षेत्र विशेषकर उत्तर-पूर्वी राज्यों में रबड़ बागानों की वृद्धि दर में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है जहाँ एकीकृत दृष्टिकोण स्वीकृत करके रबड़ विकास कार्य चलाये गये थे । उत्तर-पूर्व एवं उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक व केरल जैसे अन्य राज्यों के आदिवासी परिवर्तन कृषकों के लिए कार्यान्वित रबड़ आधारित

व्यवस्थापन कार्यक्रमों का विशेष जिक्र करना अति आवश्यक है जो उनके सामाजिक आर्थिक विकास/परिस्थिति को बनाये रखना सुनिश्चित करते भी है ।

रबड़ उत्पाद विनिर्माण क्षेत्र को समर्थन देकर, दक्षता में वृद्धि हेतु एवं अवसंरचना विकास हेतु सहायता प्रदान कर स्वाभाविक रबड़ के विभिन्न उपयोगों तथा अपारंपरिक उपयोगों को प्रोत्साहित करने हेतु बोर्ड अन्य कई उपाय भी अपनाते आ रहा है ।

विश्व के सर्वाधिक फसल देनेवाले क्लोनों में एक एवं लोक प्रिय क्लोन आर आर आई आई 105 का प्रजनन एवं निर्मुक्त करना भारतीय रबड़ अनुसंधान संस्थान की उल्लेखनीय देन है । पाँच और क्लोनों को विकसित करने हेतु अनुसंधान कार्य अंतिम चरण में है जिन्हें निकट भविष्य में निर्मुक्त किया जाएगा । ***हीविया*** की विभिन्न कृषि प्रणालियों पर कृषि प्रौद्योगिकियाँ भी भारतीय रबड़ अनुसंधान संस्थान ने विकसित की है । संस्थान ने रबड़ संसाधन को सुधारने तथा कृत्रिम रबड़ का प्रभावी रूप से प्रतिस्थापन करने लायक विशेष रबड़ विकसित करने में भी उल्लेखनीय देन की है । प्रक्रमण फैक्टरियों में प्रदूषण रोकने हेतु विशेष परिस्थिति सुरक्षा प्रणालियों, प्रक्रमण में ऊर्जा बचाने की विधि, रबड़ काष्ठ के प्रक्रमण, सहायक आय पैदा करने के कार्यकलाप एवं रबड़ आधारित फसल प्रणालियों पर अनुसंधान के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं ।

वर्ष 2002-03 के दौरान निष्पादन

वर्ष 2002-03 एवं इसके एकदम पूर्व के दो वर्षों के स्वाभाविक रबड़ के उत्पादन, उपभोग एवं वृद्धि दर इस प्रकार हैं :-

वर्ष	उत्पादन (मेट्रिक टण में)	वृद्धि दर	उपभोग (मेट्रिक टण में)	वृद्धि दर
2000-01	6,30,405	1.3%	6,31,475	0.5%
2001-02	6,31,400	0.2%	6,38,210	1.1%
2002-03	6,49,435	2.9%	6,95,425	9%

भाव

कोट्टयम में पिछले तीन वर्षों के आर एस एस 4 श्रेणी के रबड़ का वार्षिक औसतन भाव ये रहे :

वर्ष	भाव (प्रति क्विंटल)
2000-01	3,036 रु
2001-02	3,228 रु
2002-03	3,919 रु

♥♥♥

भाग - II

रचना एवं कार्य

बोर्ड की रचना

रबड़ अधिनियम 1947 की धारा 4(3) के अनुसार बोर्ड में निम्नलिखित सदस्य होंगे ।

क) केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष ।

ख) तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व करते हुए दो सदस्य होंगे, जिनमें एक रबड़ उत्पादनहित का प्रतिनिधित्व करनेवाला होगा ।

ग) केरल राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 8 सदस्य होंगे, जिनमें छः रबड़ उत्पादनहित का प्रतिनिधित्व करेंगे और उन व्यक्तियों में तीन छोटे उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

घ) केन्द्रीय सरकार द्वारा दस सदस्यों को मनोनीत करेंगे जिनमें से दो विनिर्माताओं एवं चार श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

ङ) संसद के तीन सदस्य होंगे जिनमें लोकसभा द्वारा दो सदस्यों को और राज्य सभा द्वारा एक सदस्य को चुन लिये जाएंगे ।

च) कार्यपालक निदेशक (पदेन); और

छ) रबड़ उत्पादन आयुक्त (पदेन)

कार्यपालक निदेशक का पद अभी तक नहीं भरा गया है।

31.03.2003 के अनुसार रबड़ बोर्ड के सदस्यों की सूची निम्न प्रकार है

1.	**श्री एस मरिया डसलफिन आई ए एस**	**अध्यक्ष, रबड़ बोर्ड**
2.	**श्री जवहर लाल जयसवाल सदस्य, लोक सभा**	**धारा 4(3)(ङ) के अधीन संसद सदस्य**
3.	**श्री शशिकुमार सदस्य, लोक सभा**	**वही**
4.	**श्री रामचन्द्र खुंडिया सदस्य, राज्य सभा**	**वही**

5.	श्री सी रामचन्द्रन भा प्र से कृषि उत्पाद आयुक्त, केरल सरकार, कृषि विभाग, सचिवालय, तिरुवनन्तपुरम	नियम 3 के उप नियम (3) के अधीन केरल सरकार का प्रतिनिधि
6.	श्री ए सी मात्यु अध्यक्ष प्लान्टेशन कोरपोरेशन ऑफ केरला लि. कोट्टयम	वही
7.	श्री एस पी इलंकोवन भा प्र से सचिव पर्यावरण एवं वन विभाग तमिलनाडु सरकार चेन्नै	नियम 3 के उप नियम (2) के अधीन तमिलनाडु सरकार का प्रतिनिधि
8.	श्री के जेकब तोमस प्रबंध निदेशक मे.वाणियंपारा रबड़ कंपनी लि. वाषक्काला बिल्डिंग्स, के.के रोड कोट्टयम	नियम 3 के उप नियम (3)के अधीन केरल राज्य के बडे कृषकों का प्रतिनिधि
9.	श्री एम डी जोसफ मण्णिपरंपिल, कांजिरप्पल्ली केरल	वही
10.	श्री ए.वी.जोर्ज मे. तामरप्पल्ली रबड़ कं.लि. कोट्टयम	नियम 3 के उप नियम (3)के अधीन केरल राज्य के बडे कृषकों का प्रतिनिधि
11.	श्री ई टी वर्गीस अध्यक्ष इंडियन रबड़ डीलेर्स फेडरेशन रबड़ भवन, कोडिमता कोट्टयम	नियम 3 के उप नियम (4)के अधीन अन्य हितों का प्रतिनिधि
12.	श्री ए जेकब वेलिमला रबड़ कंपनी लि. उप्पूट्टिल बिल्डिंग्स, के.के.रोड कोट्टयम	नियम 3 के उप नियम (2)के अधीन तमिलनाडु राज्य के बडे कृषकों का प्रतिनिधि

13.	श्री सुरेश एलवाधी प्रबंध निदेशक एलवाधी रबड़ प्रोडक्ट्स नई दिल्ली एवं उपाध्यक्ष ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ रबड़ प्रोडक्ट्स मानुफैक्चेरर्स एवं सदस्य, प्रबंध समिति, ए आई आर आई ए	धारा 4 की उपधारा (3) के खंड (घ) के अधीन रबड़ माल निर्माताओं का प्रतिनिधि
14.	श्री सी अनन्तकृष्णन महा सचिव कन्याकुमारी जिला रबड़ एस्टेट वर्केर्स यूनियन आई एन टी यू सी, नागाकोड, कुलशेखरम	धारा 4 की उपधारा (3) के खंड (घ) के अधीन श्रमिक हित का प्रतिनिधि
15.	श्री के जी रवी महा सचिव केरला स्टेट कर्षका कॉंग्रेस तिरुवनन्तपुरम	नियम 3 के उप नियम (3)के अधीन केरल राज्य के छोटे कृषकों का प्रतिनिधि
16.	श्री पी लालाजी बाबु महा सचिव ऑल इंडिया प्लान्टेशन वर्केर्स फेडरेशन कोल्लम जिला	धारा 4 की उपधारा (3) के खंड (घ) के अधीन श्रमिक हित का प्रतिनिधि
17.	श्री कानम राजेन्द्रन सचिव केरला स्टेट कम्मिटी ऑफ ए आई टी यू सी तिरुवनन्तपुरम	वही
18.	श्री एट्टुमानूर वी राधाकृष्णन वालयिल हाउस एट्टुमानूर कोट्टयम जिला	नियम 3 के उप नियम (4)के अधीन अन्य हितों का प्रतिनिधि
19.	श्री पी बी सत्यन प्लावडा कोच्चुवीडु दक्षिण वाषक्कुलम पोस्ट आलुवा - 5, केरल	नियम 3 के उप नियम (3)के अधीन केरल राज्य के छोटे कृषकों का प्रतिनिधि

20.	श्री सी के सजी नारायणन 'गायत्री ' 11/6, लिंक रोड, अय्यन्तोल, तृश्शूर - 680 003	धारा 4 की उपधारा (3) के खंड (घ) के अधीन श्रमिक हित का प्रतिनिधि
21.	श्रीमती रमा रघुनन्दन 'स्मृति', अक्किक्कावु पी.ओ चावक्काड, तृश्शूर जिला केरल	नियम 3 के उप नियम (4)के अधीन अन्य हितों का प्रतिनिधि
22.	श्री वी वी अगस्टिन वलवनतुरुत्तेल इडप्पल्ली पी.ओ, कोचिन	धारा 4 की उपधारा (3) के खंड (घ) के अधीन रबड़ माल निर्माताओं का प्रतिनिधि
23.	श्री पी.आर.मुरलीधरन पतालिल हाउस एस एन पुरम पोस्ट, कोट्टयम केरल	नियम 3 के उप नियम (3)के अधीन केरल राज्य के छोटे कृषकों का प्रतिनिधि
24.	श्री जोसफ वाषक्कन वाषक्कामलयिल रामपुरम, कोट्टयम	नियम 3 के उप नियम (4)के अधीन अन्य हितों का प्रतिनिधि
25.	डॉ ए के कृष्णकुमार रबड़ उत्पादन आयुक्त रबड़ बोर्ड, कोट्टयम	पदेन
26.	कार्यकारी निदेशक	रिक्त

बोर्ड के प्रकार्य

रबड़ अधिनियम 1947 की धारा 8 में बताए गए बोर्ड के प्रकार्य हैं:-

(i) रबड़ उद्योग के विकास जैसे उचित समझता है वैसे उपायों से प्रोत्साहित करना । इस के लिए इन उपायों का प्रबंध करना है-

क) वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी और आर्थिक अनुसंधान चलाना, सहायता देना या प्रोत्साहित करना;

ख) छात्रों को रोपण, कृषि, खाद देने एवं छिडकाव की उन्नत रीतियों का प्रशिक्षण देना;

ग) रबड़ उत्पादकों को तकनीकी सलाह प्रदत्त करना;

घ) रबड़ विपणन का सुधार;

ड.) एस्टेट मालिकों, व्यापारियों और विनिर्माताओं से सांख्यिकी का एकत्रण करना;

च) श्रमिकों को काम करने हेतु बेहतर सुविधा व व्यवस्था सुनिश्चित करना, तथा उनकी सुख

सुविधाओं व प्रोत्साहनों का सुधार करना; तथा

छ) बोर्ड के अधिकार में दिये गए किसी भी अन्य कार्यों का निर्वहण करना ।

(ii) बोर्ड का यह भी कार्य होगा

क) रबड़ के आयात और निर्यात सहित रबड़ उद्योग के विकास से संबंधित सारे मामलों पर केन्द्र सरकार को सलाह देना;

ख) रबड़ से संबंधित किसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन या योजना में भाग लेने के संबंध में केन्द्र सरकार को सलाह देना

ग) इस अधिनियम के कार्यों एवं बोर्ड के कार्यकलापों के संबंध में केन्द्र सरकार और ऐसे अन्य प्राधिकारियों को जैसा निर्धारित हो, अर्धवार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना; तथा

अध्यक्ष श्री एस एम डसालफिन बोर्ड की बैठक को सम्बोधित करते हुए

घ) समय समय पर केन्द्रीय सरकार के निदेशानुसार रबड़ उद्योग से संबंधित रिपोर्ट तैयार करना और उसे पेश करना।

रबड़ अधिनियम की धारा 8 में कथितानुसार बोर्ड के कार्यकलापों व प्रकार्यों की तुलनात्मक पुनरीक्षा हेतु सात समितियाँ गठित की गई हैं । ये हैं:- कार्यकारिणी समिति, अनुसंधान एवं विकास समिति, विपणन विकास समिति, रोपण समिति, सांख्यिकी एवं आयात/निर्यात समिति, श्रमिक कल्याण समिति और कर्मचारी कार्य समिति ।

अन्य हितों के प्रतिनिधित्व करनेवाले श्री एट्टुमानूर वी राधाकृष्णन 30.11.2002 को 21.8.2003 तक की अवधि तक बोर्ड के उपाध्यक्ष चुन लिये गये ।

श्री एस.एम.डसलफिन भा.प्र.से. वर्ष 2002-03 के दौरान बोर्ड के अध्यक्ष पद पर जारी रहे।

बोर्ड एवं समितियों की बैठक

रिपोर्ट वर्ष के दौरान बोर्ड और समितियों की निम्न लिखित बैठकें हुईं ।

क) बोर्ड की बैठकें

144वीं बैठक - 06.04.2002

145वीं बैठक - 22.07.2002

146वीं बैठक - 30.11.2002

ख) समिति बैठकें

कार्यकारिणी समिति	29.04.2002, 02.01.2002 एवं 24.03.2003
अनुसंधान एवं विकास समिति	05.10.2002
रोपण समिति	21.09.2002
श्रमिक कल्याण समिति	05.10.2002
सांख्यिकी एवं आयात/निर्यात समिति	21.09.2002 एवं 24.03.2003
कर्मचारी कार्य समिति	29.04.2002
कार्यकारिणी समिति एवं बाज़ार विकास समिति की संयुक्त बैठक	17.08.2002
बाज़ार विकास समिति	26.10.2002, 26.12.2002 एवं 08.01.2003

रबड़ बोर्ड बैठक का दृश्य

उपर्युक्त के अलावा, बोर्ड ने स्वाभाविक रबड़ के निर्यात प्रोत्साहन, सडकों के रबरीकरण तथा बोर्ड द्वारा प्रायोजित संसाधन कंपनियों के निष्पादन के मूल्यांकन हेतु उपसमितियों को गठित किया है। इन समितियों ने सामयिक

रूप से बैठक की और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदत्त किए ।

संगठनात्मक रचना

रबड़ बोर्ड के कार्यकलापों का आठ विभागों द्वारा निष्पादन किया जाता है याने रबड़ उत्पादन, प्रशासन, रबड़ अनुसंधान, प्रक्रमण एवं उपज विकास, प्रशिक्षण व तकनीकी परामर्श, वित्त एवं लेखा, सांख्यिकी एवं योजना और अनुज्ञापन एवं उत्पाद शुल्क । इन विभागों के मुख्य क्रमशः रबड़ उत्पादन आयुक्त, सचिव, निदेशक (अनुसंधान), निदेशक (प्र व उ वि), निदेशक (प्र व त प), निदेशक (वित्त), संयुक्त निदेशक (सां व यो) और निदेशक (अनु व उ शु) हैं । रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान सचिव के पद रिक्त रहने के कारण निदेशक (अनु व उ शु) ने सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाला ।

बोर्ड के प्रशासन, रबड़ उत्पादन, सांख्यिकी व योजना, अनुज्ञापन व उत्पाद शुल्क और वित्त एवं लेखा विभाग, कीषकुन्नु, कोट्टयम - 686 002 के अपने ही कार्यालय भवन में स्थित हैं । अनुसंधान विभाग, प्रक्रमण व उपज विकास विभाग और प्रशिक्षण व तकनीकी परामर्श विभाग भारतीय रबड़ अनुसंधान संस्थान परिसर, कोट्टयम-9 में स्थित हैं ।

अनुज्ञापन और उत्पाद शुल्क विभाग के अधीन नौ उप/संपर्क कार्यालय हैं । देश के विभिन्न रबड़ उत्पादित क्षेत्रों में रबड़ उत्पादन विभाग के 5 आंचलिक कार्यालय, 2 न्यूक्लियस रबड़ एस्टेट एवं प्रशिक्षण केन्द्र, 40 प्रादेशिक कार्यालय, 1 सहायक विकास अधिकारी के कार्यालय, 189 क्षेत्रीय स्टेशन, तीन जिला विकास केन्द्रों के सहित 13 प्रादेशिक पौधशालाएँ, एक निदर्शन केन्द्र (मिज़ोरम में), एक केन्द्रीय पौधशाला और 23 टापेर्स प्रशिक्षण स्कूल हैं।

अनुसंधान विभाग केरल में दो क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र और तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय और त्रिपुरा में एक-एक क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र चलाता हैं । कोट्टयम स्थित पयलट ब्लॉक रबड़ फैक्टरी, चेत्तकल के केन्द्रीय परीक्षण स्टेशन में स्थित पयलट लैटेक्स संसाधन फैक्टरी का और कोट्टयम में प्राकृतिक रबड़ के रेडियेशन वलकनीकरण के लिए एक पयलट प्लान्ट का संचालन रबड़ प्रक्रमण एवं उपज विकास विभाग द्वारा किया जाता है । विश्व बैंक सहायताप्राप्त रबड़ परियोजना के अधीन संस्थापित आदर्श टी एस आर फैक्टरी का भी संचालन प्रक्रमण एवं उपज विकास विभाग द्वारा किया जाता है ।

बोर्ड के सारे विभागों एवं कार्यालयों पर अध्यक्ष का प्रशासनिक नियंत्रण होता है । 31.3.2003 के अनुसार बोर्ड के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की कुल संख्या 2105 थी, जिनमें "क" वर्ग के 310 अधिकारी, "ख" वर्ग के 602 अधिकारी, "ग" वर्ग के 999 और "घ" वर्ग के 194 कर्मचारी सम्मिलित हैं। कार्यकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच अच्छा संबंध रहा था।

आगे के पृष्ठों में विभिन्न विभागों के कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है ।

♥♥♥

भाग III

प्रशासन

प्रशासन विभाग के निम्नलिखित अनुभाग एवं प्रभाग हैं ।

01 स्थापना अनुभाग (सामान्य प्रशासन, कार्मिक प्रशासन एवं हकदार)

02 विपणन प्रभाग

03 श्रमिक कल्याण अनुभाग

04 विधिक अनुभाग

05 हिन्दी अनुभाग

1. स्थापना अनुभाग

(क) सामान्य प्रशासन

बोर्ड एवं उसकी समितियों का संगठन/पुनःसंगठन, बोर्ड एवं उसकी समितियों की बैठकें आयोजित करना, बोर्ड के निर्णयों के कार्यान्वयन की निगरानी करना, गृह-व्यवस्था कार्यकलाप का प्रबंधन आदि सामान्य प्रशासन के मुख्य कार्यों में हैं ।

(ख) हकदार

वर्ष के दौरान 11 स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति तथा एक अनिवार्य सेवानिवृत्ति सहित 65 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति लाभ दिए गए । अपने कार्यकाल में ही निधन हुए 8 कर्मचारियों एवं आतंकवादियों द्वारा अपहृत एक कर्मचारी सहित नौ कर्मचारियों के परिवारों को कुटुंब पेंशन मंजूर किया गया।

36 कर्मचारियों को अपने भवनों के निर्माण के लिए 1,05,86,186/- रु. पेशगी के तौर पर वित्तीय सहायता दी गयी । इसके अलावा 68 कर्मचारियों को वाहन पेशगी के तौर पर 13,04,749 रु. दिए गए (2 व्यक्तियों को कार अग्रिम के तौर पर 2,55,300/- रु., 36 कर्मचारियों को दुपहिया वाहन अग्रिम के रूप में 10,04,449/- रु. तथा 30 कर्मचारियों को साइकिल अग्रिम के रूप में 45,000- रु.) इसके अलावा 5 कर्मियों को कंप्यूटर अग्रिम के रूप में 2,02,300/- रु. तथा 13 कर्मचारियों को पंखा अग्रिम स्वरूप 13,000/- रु. भी दिए गए।

कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं, छुट्टी खाते एवं वैयक्तिक फाइलों का सही रखरखाव किया गया।

(ग) कार्मिक प्रशासन

अनुमोदित भर्ती नियमों एवं अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडे वर्ग व विकलांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पदों से संबंधित सांविधिक नियमों का पालन करते हुए बोर्ड के सुगम संचालन के लिये रिक्त पदों में योग्य व्यक्तियों का चयन सुनिश्चित किया था । भर्ती के लिए उपयुक्त कर्मचारियों के चयन के लिए चयन समिति/विभागीय पदोन्नति समिति का संगठन उपयुक्त तरीके से किया था। चुने हुए आरक्षित पदों के लिए चुने गए कर्मियों के संबंध में सामयिक विवरणियाँ सरकार को भेजी थीं ।

I. 31.3.2003 को बोर्ड के अधीन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कुल संख्या 2105 थी, जिनका विवरण निम्न प्रकार है ।

क्र.सं.	विभाग का नाम	वर्ग क	वर्ग ख	वर्ग ग	वर्ग घ	योग
1	रबड़ उत्पादन	172	378	559	102	1211
2.	अनुसंधान	64	135	187	58	444
3.	अनुज्ञापन एवं उत्पाद शुल्क	23	29	82	7	141
4.	प्रशासन	14	14	62	15	105
5.	प्रक्रमण एवं उपज विकास	17	19	40	5	81
6.	वित्त एवं लेखा	6	14	29	2	51
7.	प्रशिक्षण एवं तकनीकी परामर्श	9	7	27	4	47
8.	सांख्यिकी एवं योजना	5	6	13	1	25
	योग	**310**	**602**	**999**	**194**	**2105**

II. 31.3.2003 के अनुसार कुल महिला कर्मचारियों का विवरण एवं कुल कर्मचारी बल में उनकी प्रतिशतता।

वर्ग	महिला कर्मचारियों की संख्या	कर्मचारियों की कुल संख्या	कुल संख्या में प्रतिशत
क	74	310	23.87
ख	205	602	34.05
ग	430	999	43.04
घ	21	194	10.82
महायोग	**730**	**2105**	**34.68**

2. विपणन प्रभाग

विपणन प्रभाग रबड़ के मूल्यों का एकत्रण, उनका संकलन एवं प्रसारण के कार्य करता है । प्रभाग ने शीट रबड़ के विभिन्न श्रेणियों के दैनिक भाव, कुलालंपुर बाज़ार एवं सिंगपुर कोमोडिटी एक्सचेंज में एस एम आर श्रेणी के ब्लॉक रबड़ एवं साठ प्रतिशत लाटेक्स के भावों का प्रकाशन कार्य भी किया । स्क्राप रबड़ का मूल्य भी एकत्रित करके सप्ताह में दो बार प्रकाशित किए। दैनिक आधार पर रबड़ के विभिन्न श्रेणियों के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय भाव बोर्ड के

वेब साइट में प्रविष्ट किए ।

विभिन्न श्रेणियों के शीट रबड़, आई एस एन आर 20 एवं साठ प्रतिशत केन्द्रीकृत लाटेक्स के रिपोर्ट अवधि के मासिक औसतन भाव रिपोर्ट के अंत में दिए गए हैं।

3. श्रमिक कल्याण अनुभाग

रबड़ अधिनियम 1947 की धारा 8, उपधारा 2, खंड (च) के अनुसार "श्रमिकों के लिए बेहतर व्यवस्थाएँ एवं शर्तें सुनिश्चित करना तथा सुख सुविधाओं व प्रोत्साहन में अभिवृद्धि लाना" बोर्ड के प्रमुख कार्यों में एक है । इसमें परिलक्षित कार्य रबड़ बागान उद्योग के विकास एवं उत्थान के लिए एवं रबड़ बागान उद्योग के श्रमिकों के बीच, जो रबड़ खेती के विकास और उत्थान के अभिन्न अंग है, रुचि दिलाने व पैदा करने के लिए उपयुक्त उपाय हैं ।

रबड़ पेड टापिंग

बोर्ड ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान उपर्युक्त कार्य विभिन्न कल्याण कार्यक्रम कार्यान्वित करके निष्पादित किये। इस वर्ष का बजट आबंटन 212.05 लाख रुपये था जबकि उपलब्धि पिछले वर्ष वितरित 1,22,16,277/- रु. के स्थान पर 2,12,01,169/- रु. रही ।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड द्वारा परिचालित योजनाएं निम्न प्रकार हैं :

1 शैक्षिक वृत्तिका योजना

यह योजना रबड़ बागान श्रमिकों के बच्चों को कॉलेज व स्कूलों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है ।

वृत्तिका में (1) छात्रावास/आवास शुल्क तथा (2) एकमुश्त अनुदान सम्मिलित हैं ।

2 शैक्षिक छात्रवृत्ति योजना

इस योजना के अन्तर्गत प्रशंसनीय रूप से पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होनेवाले रबड़ बागान श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है । छात्रवृत्ति की रकम 1000 रु. से 5000 रु. तक है । बागान श्रमिकों के बच्चों के अध्ययन में उनके अच्छे निष्पादन को बढावा देने के लिए प्रोत्साहन के तौर यह दी जाती है ।

3 समूह बीमा-सह-जमा योजना (9 चरण)

यह योजना रबड़ बागान श्रमिकों के दुघर्टना द्वारा घायल होने तथा मृत्यु होने के विरुद्ध सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए लागू किया हुआ उपाय है । यह योजना बागान श्रमिक अधिनियम लागू न किए बागानों में सहित कार्यरत श्रमिकों को 20,000 रुपये तक की रकम की बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए लागू की है ।

यह योजना श्रमिकों में बचत की आदत को प्रोत्साहित करती भी है । 50 रुपये प्रतिवर्ष के श्रमिक अंशदान के साथ 1986-87 के दौरान प्रथम चरण का प्रारंभ किया गया तथा वर्ष 2000-01 में 9वाँ चरण पहूँच गया । हर

योजना 10 वर्ष की अवधि तक परिचालित होगी। वर्ष 2002-03 के दौरान समूह बीमा योजना के अंतर्गत 40 श्रमिकों को 1,10,684 रु. क्षतिपूर्ति के रूप में भुगतान किया गया।

केवल छोटी जोतों के टापरों को प्रतिवर्ष प्रति आवेदक 250 रु. के उच्चतर प्रीमियम से 50000 रु. की बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक **नयी समूह बीमा-सह-जमा योजना** का प्रारंभ वर्ष 2001-02 के दौरान किया है। यह योजना दुर्घटनाओं में उच्चतर क्षतिपूर्ति देती है तथा टापरों में जमा करने की आदत को प्रोत्साहित करती है। योजना के अधीन प्रतिवर्ष बोर्ड 150 रु. प्रति सदस्य अंशदान करता है।

4 गृह निर्माण सहायिकी योजना

यह योजना टापरों एवं रबड़ बागान के श्रमिकों को अपनी भूमि में भवन निर्माण के लिए वित्तीय सहायता देने के लिए शुरू की गयी थी । इस योजना के अधीन आवेदक



रबड़ शीट निर्माण

के कार्यरत बागान का क्षेत्र 0.75 हेक्टयर से कम न हो । योजना के उपबंधों के अनुसार इस तरह का एक टापर गृह निर्माण करता है तो उन्हें अधिकतम 7500/- रु. या आकलित निर्माण लागत के 25 प्रतिशत में जो भी कम हो उतनी रकम की आर्थिक सहायता दी जाती है।

5 प्रसाधन सुविधा प्रदान करने की योजना

असंगठित क्षेत्र के रबड़ टापरों के बीच स्वच्छ परिस्थिति के प्रति रुचि पैदा करना इस योजना का लक्ष्य है। बोर्ड द्वारा निर्धारित नक्शा एवं अनुमान के अनुसार शौचालय निर्माण में टापरों को सहायता दी जाती है। निर्माण लागत के 75 प्रतिशत या 3000 रु. में जो भी कम हो उतनी रकम तक वित्तीय सहायता सीमित की गई है।

6 चिकित्सा सहायता योजना

यह योजना असंगठित क्षेत्र के टापरों के स्वास्थ्य सुधारने के लिए शुरू की गयी थी। इस योजना द्वारा चिकित्सा हेतु रोगपीडित टापरों द्वारा खर्च किये व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है। एक वर्ष में देय अधिकतम राशि 2000 रु. है। एक आवेदक के जीवनकाल में गंभीर बीमारियों के लिए एक बार 10,000 रु. की उच्चतर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

वंध्यता ऑपरेशन किये टापरों को इस योजना के अन्तर्गत एक अन्य लाभ भी प्रदान किया जाता है। छोटी जोत क्षेत्र के रबड़ टापरों में छोटे परिवार को प्रोत्साहित करने हेतु यह सुविधा प्रदान की जाती है।

7 अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडी जाति के लिए भवन निर्माण एवं सानिटरी सहायिकी योजना

यह योजना मात्र असंगठित रबड़ क्षेत्र में काम करने

वाले अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडी जाति के टापरों के लिए हैं । इस योजना के अन्दर शौचालय सहित गृहनिर्माण के लिए 14,000 रु. तक की सहायिकी प्रति आवेदक दी जाती है ।

योजना हेतु निधि विशेष संघटक योजना/आदिवासी उप योजना से प्रदत्त की जाती है ।

वर्ष 2002-03 के दौरान इन योजनाओं के अन्तर्गत का निष्पादन निम्न प्रकार है :

योजना का नाम	लाभान्वितों की संख्या	वितरित कुल रकम (रु)	वर्ष 2002-03 का बजट आबंटन (रु)
शैक्षिक वृत्तिका	5669	3061463	3051050
शैक्षिक छात्रवृत्ति	214	101750	111950
समूह बीमा-सह-जमा	9068	1034900	1036005
गृह निर्माण सहायिकी	1219	9147500	9105000
शौचालय सहायिकी	653	1956500	1989000
चिकित्सा सहायता	450	766681	773986
गृहनिर्माण व शौचालय सहायिकी(अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.वर्ग)	692	5132375	5138375
योग	**17965**	**21201169**	**21205366**

4 विधिक अनुभाग

बोर्ड के विभिन्न विभागों/अनुभागों/प्रभागों को सलाह/राय देना, कानूनी दस्तावेजों का प्रारूप तैयार करना, रबड़ अधिनियम 1947 के अधीन कानूनी कार्रवाई प्रारंभ करना, श्रमिक मामलों, कर मामलों में समझौता करने हेतु विभागों की सहायता करना तथा बोर्ड के मुकदमे चलाने हेतु बोर्ड के अधिवक्ताओं को अनुदेश देना तथा सहायता प्रदान करना आदि विधिक अनुभाग के कार्य हैं ।

रिपोर्ट वर्ष के दौरान विधिक अनुभाग के ध्यान आकर्षित 960 फाइलों में समय ही पर कार्रवाई की/सलाह दी । गृह निर्माण अग्रिमों के 36 आवेदनों में नियमानुसार आवेदनों की पात्रता निर्धारित करने हेतु दस्तावेजों की छानबीन की । रिपोर्ट वर्ष के दौरान बोर्ड द्वारा निष्पादित करने के कानूनी दस्तावेजों का आवश्यक समय पर प्रारूपण किया/तैयार किया गया । विविध अदालतों में बोर्ड के विरुद्ध दायर मामलों में बोर्ड के हितों की रक्षा करने के लिए वकीलों द्वारा उचित कदम उठाये गये । उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों पर स्थायी काउंसेल एवं केन्द्र सरकार वकीलों को खंडवार टिप्पणियाँ दी एवं आवश्यक अनुदेश दिए थे । विभिन्न जिलों के क्षतिपूर्ति फोरम के सामने आये उपभोक्ता विवाद संबंधी फाइलों पर अनुभाग ने उत्तर तैयार किये और फाइल किये तथा सुनवाई के समय बोर्ड का प्रतिनिधित्व किया ।

श्रमिक मामलों के निपटान हेतु प्रादेशिक अनुसंधान केन्द्र धेंकनाल, एन.आर.ई.टी.सी, अन्डमान, के.प.स्टे.चेत्तक्कल, भा.र.ग.सं. फार्म, एच बी एस नेट्टना व परलियार, र.उ.विभाग की पौधशालाएं/प्रक्षेत्रों को आवश्यक सहायताएं प्रदान की । रबड़ अधिनियम, रबड़ नियम, रबड़ बोर्ड कर्मचारी आचार नियम तथा रबड़ बोर्ड सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमों में रबड़ बोर्ड द्वारा प्रस्तावित संशोधनों के मसौदे तैयार किए ।

5 हिन्दी अनुभाग

रबड़ बोर्ड राजभाषा नियम के नियम 10(4) के अधीन अधिसूचित कार्यालय है ।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड के हिन्दी अनुभाग ने निम्नलिखित कार्य किए ।

- **राजभाषा कार्यान्वयन समिति**

वर्ष के दौरान बोर्ड की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित कीं। बैठक में तिमाही प्रगति रिपोर्टें प्रस्तुत कीं तथा उन पर चर्चा कीं। कार्यसूचियाँ

राजभाषा विभाग के अनुदेशों के अनुसार तैयार कीं।

- **हिन्दी सलाहकार समिति**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की 17/4/2002 को संपन्न बैठक में अध्यक्ष एवं सहायक निदेशक (रा.भा.) ने बोर्ड का प्रतिनिधित्व किया तथा 22/11/2002 को संपन्न बैठक में निदेशक (अनु व उ शु) एवं सहायक निदेशक (रा.भा.) भाग लिए।

- **हिन्दी पखवाडा/हिन्दी दिवस समारोह**

बोर्ड के मुख्यालय एवं भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान में 17 सितंबर से 27 सितंबर 2002 तक हिन्दी पखवाडा समारोह का आयोजन किया । इस सिलसिले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई अधिकारी/कर्मचारी भाग लिए तथा विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण किया गया।

बोर्ड के 30 अधीनस्थ कार्यालयों में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया । कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कीं तथा विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए गए । इन कार्यक्रमों में कई मान्य व्यक्ति भाग लिए।

- **हिन्दी में द्वैमासिक बुलेटिन**

वर्ष के दौरान हिन्दी द्वैमासिक बुलेटिन "रबड़ समाचार" का प्रकाशन जारी किया।

- **हिन्दी शिक्षण योजना**

संघ की राजभाषा नीति के अनुसार 'ग' क्षेत्र में हिन्दी शिक्षण कार्य वर्ष 2005 तक पूरा किया जाना है । मुख्यालय एवं भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान में भारत सरकार की हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन विभिन्न हिन्दी कक्षाएं चलायी गयीं। 9 पदधारी हिन्दी टंकण पाठ्यक्रम में भाग लिए । वर्ष के दौरान 28 पदधारियों ने हिन्दी प्राज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण की तथा 5 ने हिन्दी टंकण परीक्षा। इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने हेतु योग्य पदधारियों को नकद पुरस्कार और वैयक्तिक वेतन दिये गये ।

- **हिन्दी कार्यशाला**

बोर्ड ने 25 प्रादेशिक कार्यालयों में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया । कुल 457 अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा में प्रशिक्षण दिया गया ।

- **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति**

वर्ष के दौरान कोट्टयम नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दो बैठकें आयोजित की । अध्यक्ष रबड़ बोर्ड, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के भी अध्यक्ष हैं । सदस्य संगठनों के पदधारियों के लिए संयुक्त हिन्दी सप्ताह समारोह का भी आयोजन किया गया।

- **हिन्दी पुस्तकालय**

बोर्ड के हिन्दी अनुभाग के अधीन एक हिन्दी पुस्तकालय कार्यरत है । बोर्ड के पदधारी इसका लाभ उठाते हैं । हिन्दी में टिप्पण एवं आलेखन को प्रोत्साहित करने के लिए बोर्ड के विभिन्न कार्यालयों को आवश्यक पुस्तकें खरीदकर आपूर्ति कीं ।

- **सामान्य**

राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अधीन कार्यालय ज्ञापन, परिपत्र एवं आदेश जैसे दस्तावेज हिन्दी में अनूदित किए ।

कोट्टयम नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयुक्त हिन्दी सप्ताह समारोह में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए रबड़ बोर्ड मुख्यालय को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया ।

हिन्दी अनुभाग में संस्थापित कंप्यूटर में बहुभाषी सोफ्टवेयर लगा दिया गया है । अन्य सभी कंप्यूटरों में हिन्दी सोफ्टवेयर लगाने की कार्रवाई प्रगति में है ।

- **आज का शब्द**

मुख्यालय में आज का शब्द लिखना बोर्ड ने जारी रखा। अधीनस्थ कार्यालयों में ***आज का शब्द*** लिखने हेतु अनुदेश जारी किये ।

- **हिन्दी में मूल काम करने हेतु प्रोत्साहन योजना**

हिन्दी में मूल रूप से काम करने हेतु अधिक पदधारियों को प्रोत्साहित किया । हिन्दी में टिप्पणी लिखने एवं मसौदा तैयार करनें हेतु उन्हें आवश्यक सहायताएं प्रदत्त की । कुल 215 पदधारी इस प्रोत्साहन योजना में भाग लिए तथा इस योजना के अन्तर्गत उन्हें नकद पुरस्कार भी दिये गये ।

- **राजभाषाई निरीक्षण**

वर्ष के दौरान बोर्ड के 18 अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषाई निरीक्षण चलाये गये ।

अध्यक्ष के सीधे नियंत्रण में कार्य करनेवाले प्रभाग

1. प्रचार व जनसंपर्क प्रभाग
2. सतर्कता प्रभाग

1. प्रचार व जनसंपर्क प्रभाग

प्रचार व जन संपर्क प्रभाग ने इस अवधि के दौरान रबड़ खेती के विभिन्न पहलुओं पर निम्न लिखित पत्रिकाएं एवं अन्य प्रकाशन प्रकाशित किए ।

1. रबड़ मासिक

वर्ष के दौरान मासिक के 12 अंक प्रकाशित किए। परिचालन की स्थिति निम्न प्रकार है:

औसत मासिक चंदा	:	13958 सं.
आजीवन चंदा	:	6086 सं

2. रबड़ स्टाटिस्टिकल न्यूज़

वर्ष 2002-03 में रबड़ स्टाटिस्टिकल न्यूज़ के 12 अंक प्रकाशित किए गए।

3. प्रेस विज्ञप्तियाँ

प्रभाग से 54 प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी कीं ।

4. विज्ञापन

105 विज्ञापन (प्रदर्शन एवं वर्गीकृत विज्ञापन सहित) जारी किए तथा रबड़ मासिक हेतु 96 विज्ञापन प्राप्त किए ।

5. आकाशवाणी

प्रभाग के सहायक निदेशक द्वारा आकाशवाणी में एक भाषण रिकार्ड किए तथा जिनका प्रसारण किया गया। रबड़ पर आकाशवाणी में रिकॉर्ड किये गये तथा प्रसारित किये गये 13 भागों के एक सिलसिलेवार कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रबंधन समिति के सदस्य के रूप में सहायक निदेशक प्रचार ने कार्य किया ।

6. संगोष्ठी एवं बैठकें

बोर्ड, कंपनियों, रबड़ उत्पादक संघों, इन्टर मीडिया पब्लिसिटी कॉ ओर्डिनेशन समिति, सार्वजनिक क्षेत्र के जनसंपर्क मंच एवं आकाशवाणी आदि से संबंधित कई संगोष्ठियों, बैठकों एवं अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में प्रभाग के अधिकारी भाग लिये तथा भाषण दिये ।

7. प्रदर्शनी

प्रभाग 11 प्रदर्शनियों में भाग लिया - यानेः

i कूनूर में उपासी प्रदर्शनी
ii कोट्टयम में खादी मेला
iii तोडुपुषा में कार्षिक मेला
iv मूवाट्टुपुषा में सुवर्णोत्सव
v बसेलियस कॉलेज कोट्टयम में प्रदर्शनी
vi तृश्शूर में मातृभूमि जे टी एफ सी मेला
vii कोट्टयम में इन्डेक्स
viii इंडिया रबड़ एक्स्पो, मुंबई
ix तोडुपुषा में फ्यूशन 2003
x शताब्दी समारोह के सिलसिले में कुलशेखरम में आयोजित एक दिवसीय प्रदर्शनी
xi शताब्दी समारोह के सिलसिले में कण्णूर में आयोजित एक दिवसीय प्रदर्शनी

8. आलेख

प्रभाग के अधिकारियों ने विभिन्न दैनिकियों, कृषि मासिकों तथा "रबड़ मासिक" में 14 तकनीकी आलेख प्रकाशित किए ।

9. इनसाइड रबड़ बोर्ड

"इनसाइड रबड़ बोर्ड" के 3 अंक प्रकाशित किए ।

10. रबड़ ग्रोवर्स कम्पानियन 2003

"रबड़ ग्रोवर्स कम्पानियन 2003" की 9750 प्रतियों तथा "रबड़ एण्ड इट्स कल्टिवेशन" की 1000 प्रतियों का मुद्रण एवं वितरण किया गया ।

प्रदर्शनी में रबड़ बोर्ड का स्टॉल

11. शताब्दी समारोह

भारत में रबड़ कृषि की शताब्दी समारोह का आयोजन वर्ष 2002 के दौरान किया गया । समारोह का प्रचुर प्रचार किया गया था । भारत में रबड़ बागान उद्योग के शताब्दी समारोह के सिलसिले में 118 पृष्ठों की एक स्मारिका प्रकाशित की ।

2. सतर्कता प्रभाग

1. पूछताछ/जांच

सतर्कता प्रभाग ने क एवं ख वर्ग के 5 अधिकारियों तथा ग एवं घ वर्ग के 6 कर्मचारियों के खिलाफ कुल 11 शिकायतों पर रिपोर्ट वर्ष के दौरान पूछताछ/जांच की । इन शिकायतों पर आवश्यक उचित तरीके की जांच की थी और जहाँ आवश्यक समझा वहाँ गलत करनेवाले बोर्ड अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई हेतु सिफारिश की/ उचित कार्रवाई की ।

2. मामले

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 1 पदधारी के विरुद्ध कठिन दण्ड कार्रवाई तथा 2 पदधारियों के विरुद्ध हल्की दण्ड कार्रवाई ली गयी ।

3. संपत्ति विवरण एवं चल/अचल संपत्ति के अर्जन/ बिक्री का विवरण

क एवं ख वर्ग स्तर के सभी अधिकारियों से 31.12.2002 के अनुसार अचल संपत्ति की वार्षिक विवरणी मांगी गयी थी । इस तरह अधिकारियों से प्राप्त विवरणियों पर उचित कार्रवाई की। सतर्कता प्रभाग ने अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय से संबंधित 98 आवेदनों तथा चल संपत्ति के क्रय-विक्रय से संबंधित 70 आवेदनों पर कार्रवाई की ।

4. अन्य कार्यकलाप

केन्द्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त अनुदेशों के अनुसार 31.10.2002 से 6.11.2002 तक की अवधि में बोर्ड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिज्ञा लेकर, कार्यालय परिसर में और आसपास पोस्टर एवं बैनर लगाकर "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" मनाया गया । प्रभाग को सलाह हेतु दिये गये विभिन्न मामलों पर प्रभाग ने विभिन्न विभागों को आवश्यक सलाह प्रदत्त की ।

♥♥♥

भाग IV

रबड़ उत्पादन

रबड़ खेती, स्वाभाविक रबड़ के उत्पादन को प्रोत्साहित करनेवाली योजनाओं का रूपायन एवं कार्यान्वयन, प्राथमिक प्रक्रमण को समर्थन एवं उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार लाने की योजनाओं के रूपायन एवं कार्यान्वयन का उत्तरदायित्व रबड़ उत्पादन विभाग को है । वर्ष 2002-03 के दौरान रूपायित एवं कार्यान्वित मुख्य कार्यक्रम निम्न प्रकार हैं ।

1) रबड़ बागान विकास योजना

यह योजना पुराने एवं अलाभकर बागानों के पुनर्रोपण एवं नवरोपण करने हेतु मुफ्त विस्तार समर्थन देने तथा वित्तीय सहायता प्रदत्त करने के लिए है । पुनर्रोपण का लक्ष्य 3200 हे. रहा तथा नवरोपण का लक्ष्य 3000 हे. (उत्तर पूर्व के 2000 हे. सहित) रहा । वर्ष 2002-03 का वित्तीय लक्ष्य 1280.95 लाख रुपये रहा। रबड़ बागान विकास योजना के वर्ष 2002-03 के दौरान का निष्पादन परिणाम निम्न प्रकार है:

विवरण	2002-2003
1. आवेदनों की संख्या	12257
2. आवेदनों के अनुसार क्षेत्र (हे.)	9038.24
3. जारी किये परमिटों की संख्या	9119
4. अनुज्ञापत्रित क्षेत्र (हे.)	6465.49
5. वितरित रकम (रुपये करोडों में)	1425 लाख रु.

- **रबड़ बागान बीमा**

रबड़ रोपण विकास योजना के अधीन के सभी अपक्व बागानों और 22 वर्ष की आयु तक के परिपक्व बागानों की स्वैच्छिक आधार पर इस योजना के अन्तर्गत बीमा की जाती है । रबड़ रोपण विकास योजना से बाहर के बागानों की बीमा कृषकों के हितानुसार वैकल्पिक है । बीमा किये गये बागानों और क्षतिपूर्ति के तौर पर दी गई रकम का विवरण नीचे दिया जाता है ।

विवरण	2002-2003	2002-2003 तक संचित योग
बीमा किये गये अपक्व क्षेत्र (हेक्टेर में)	4,983.53	95,954.97
बीमा की गयी जोतों की संख्या	7,734.00	1,44,079.00
दी गयी क्षतिपूर्ति (रु.लाखों में)	38.19	227.61
जोतों की संख्या	433.00	6148.00
लाभान्वितों की संख्या	1282.00	6131.00

- **उत्तरपूर्वी क्षेत्र में रबड़ रोपण विकास**

उत्तर पूर्वी क्षेत्र के रबड़ रोपण विकास की महत्तर संभाव्यताओं पर विचार करते हुए रबड़ उत्पादन विभाग ने विद्यमान बागानों के अनुरक्षण में सहायताएं प्रदान करने का कार्यकलाप जारी रखा तथा क्षेत्र विस्तार पर अधिक ध्यान



रबड़ शीट का श्रेणीकरण

दिया गया । रबड़ बागान विकास योजना के अधीन नव रोपण के लिए 2643.27 हे. क्षेत्र के लिए 3060 आवेदन प्राप्त किए गए; जिसमें 2202.61 हे. क्षेत्र में रोपण हेतु 2614 अनुज्ञाएं जारी की । वर्ष के दौरान 110.2 हे. में ब्लॉक रोपण हेतु 107 जनजाति के लोगों का चयन किया। ब्लोक रोपण के अधीन संचित क्षेत्र 31/03/03 के अनुसार 2653.28 हे. था और लाभान्वितों की संख्या 2338 थी। 497.33 हे. क्षेत्र में ग्रूप रोपण में 1182 लाभभोगियों ने प्रतिभागिता कीं । 31/3/03 के अनुसार ग्रूप रोपण के अन्दर का कुल क्षेत्र 1662.30 हे. हो गया। अगले वर्ष के रोपण हेतु पॉली बैग पौधों की तैयारी हेतु 2641 कृषकों को 11.17 लाख बड्ड ठूँठों का वितरण किया गया। रबड़ रोपण विकास योजना के अधीन वर्ष के दौरान उत्तर पूर्वी क्षेत्र में 461.38 लाख रुपये का वितरण किया गया।

- **न्यूक्लियस रबड़ एस्टेट एवं प्रशिक्षण केन्द्र (एन आर ई टी सी) तथा जिला विकास केन्द्र (डी डी सी)**

त्रिपुरा राज्य के न्यूक्लियस रबड़ एस्टेट एवं प्रशिक्षण केन्द्र (एन आर ई टी सी) तथा जिला विकास केन्द्र (डी डी सी), असम (दो) और मेघालय (1) राज्यों के जिला विकास केन्द्रों का कृषकों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विभाग ने अनुरक्षण किया । अगर्तला के रबड़ अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र तथा झिगिंतचकग्रे के जिला विकास केन्द्र ने 50 बैचों में 732 कृषकों के लिए विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण चलाए। प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया गया और 2600 कृषक जिसे देखने आए । 6650 कृषकों की सहभागिता से 109 रबड़ उत्पादक संघों/ रबड़ कृषक समितियों को रूपायित किया । 6 संगोष्ठियों, 557 ग्रूप बैठकों/अभियानों का आयोजन किया जिनमें 10407 कृषकों की सहभागिता रही । असम में एक रबड़ रोपण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की जा रही है ।

- **उत्तरपूर्वी क्षेत्र को छोडकर अन्य अपरंपरागत क्षेत्र**

विभाग ने उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, गोआ, महाराष्ट्र, आंडमान व निकोबार द्वीप समूह आदि जैसे अपरंपरागत क्षेत्रों में विद्यमान बागानों के रखरखाव एवं क्षेत्र विस्तार के कार्यकलाप जारी रखे । रबड़ बागान विकास योजना एवं अन्य विस्तार समर्थन योजनाओं के अलावा इन क्षेत्रों में ब्लॉक रबड़ बागान योजनाएं एवं सामूहिक रबड़ बागान योजनाएं कार्यान्वयन में थीं । 63.55 हे. रोपण हेतु 106

आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 54.55 हे. क्षेत्र के लिए 79 अनुज्ञाएं जारी की । वितरित रोपण अनुदान 9.30 लाख रुपये था । ब्लोक रोपण योजना के अंतर्गत 72 जनजातीय परिवार लाभान्वित हुए । 35 ग्रूप बैठकें आयोजित कीं जिनमें 944 कृषक भाग लिए ।

2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति लोगों के बीच ब्लोक रोपण एवं ग्रूप रोपण योजनाओं के द्वारा रबड़ खेती का संवर्धन

यह परियोजना बोर्ड एवं संबंधित राज्य सरकारों के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित है जो वर्तमान में केरल, त्रिपुरा, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक राज्यों में प्रचालित है । जनजातीय/अनुसूचित जाति के कृषकों के समग्र विकास को लक्षित करके एक एकीकृत मार्ग द्वारा इसका कार्यान्वयन किया जाता है । संबंधित राज्य सरकार परियोजना का वित्तीय समर्थन देती हैं । विवरण निम्न प्रकार से है ।

राज्य	2002-2003 के रोपण (हेक्टरों में)	वर्ष 2002-2003 तक रोपित कुल क्षेत्र (हेक्टरों में)
त्रिपुरा	110.20	2653.26
उड़ीसा	62.48	250.00
आंध्रप्रदेश	शून्य	82.00
कर्नाटक	49.80	225.00
केरल	91.18	1380.34
कुल	**313.66**	**4590.60**

3) वैज्ञानिक रोपण एवं उत्पादन हेतु कृषकों को सलाहकारी एवं विस्तार सेवाएं तथा प्रसार व उत्पादन और प्रक्रमण सुधारने हेतु बागान में आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति ।

क) प्राथमिक प्रक्रमण, अतिरिक्त आय सृजन आदि के लिए सहायता ।

ये वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदत्त करने हेतु आवश्यकता के आधार पर विस्तार स्कंध द्वारा रूपायित एवं कार्यान्वित योजनाएं हैं । विभिन्न योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य और उपलब्धियाँ नीचे दिए गए हैं :

क्र. सं.	योजना	लक्ष्य		उपलब्धि	
		भौतिक सं.	वित्तीय (रु. लाखों में)	भौतिक सं.	वित्तीय (रु. लाखों में)
I	**पारंपरिक क्षेत्र**				
1	रबड़ शीट रॉलर संस्थापना हेतु सहायता	878	8.78	878	8.78
2	धूम घर निर्माण हेतु सहायता	1573	47.14	1573	47.14
3	फलीदार फसल बीजों का वितरण				
i	प्यूरेरिया बीज		4.41	4206कि.ग्रा	4.16
ii	म्यूकुणा बीज			550 कि.ग्रा	0.41
4	जैव गैस निर्माण हेतु सहायता	1733	48.91	1733	49.34

II अपारंपरिक क्षेत्र				
1. धूम घर	40	4.00	70	3.89
2. रॉलर	40	2.00	29	1.31
3. * बागान निवेशों के परिवहन हेतु सहायता	-	6.55	-	6.55

* मे. मणिमलयार रबर्स प्रा.लि. (बोर्ड द्वारा प्रायोजित एक व्यापार कंपनी) को बागान निवेश उत्तर पूर्वी क्षेत्रों को परिवहन करने के लिए सहायता प्रदान की गयी ।

उपर्युक्त योजनाओं के अलावा केवल गैर-पारंपरिक क्षेत्र के लिए कुछ अन्य योजनाओं को रूपायित किया है । उनके वर्ष 2002-2003 के लक्ष्य एवं उपलब्धियाँ निम्न प्रकार हैं :

क्र. सं.	योजना	लक्ष्य		उपलब्धि	
		भौतिक सं.	वित्तीय (रु. लाखों में)	भौतिक सं.	वित्तीय (रु. लाखों में)
1	सीमा संरक्षण (सामान्य वर्ग)		5.00	736	13.34
2	सिंचाई	40	2.00	4	0.63

ख) रोपण सामग्रियों का उत्पादन

गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्रियों को प्रात्साहित करने तथा इसके बाज़ार भाव पर नियंत्रण लाने के दुगुने लक्ष्य से बोर्ड गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्रियों का उत्पादन और सीमित हद तक कृषकों को लागत मूल्य पर वितरण भी करता है। छोटे कृषकों को मूल्य में रियायत भी दी जाती है । इस तरह उत्पादित रोपण सामग्री आवश्यक कृषकों को स्रोत झाड सामग्री तैयार करने या बागान तैयार करने के लिए दिए गए । वर्ष 2002-2003 के दौरान उत्पादित रोपण सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है।

बोर्ड के स्वामित्व के पौधशालाओं की संख्या - 15 (केन्द्रीय पौधशाला एवं जिला विकास केन्द्र की पौधशालाएं मिलाकर)

पौधशालाओं का क्षेत्र - 72.17 हे.

मद	-	उपलब्धि
पारंपरिक क्षेत्र में उत्पादन		
हरे बड्ड ठूँठ	-	1,66,208 नं.
भूरे बड्ड ठूँठ	-	6,67,524 "
कुल	-	8,33,732 "
अपारंपरिक क्षेत्र में उत्पादन		
भूरे बड्ड ठूँठ	-	5,63,070 "

ग) शास्त्रदर्शन कार्यक्रम

शास्त्रदर्शन कार्यक्रम के अधीन अपारंपरिक क्षेत्र अगर्तला, गुआहटी, परलेखामुंडी के कुल 250 कृषकों को 20 बैचों में केरल लाया गया तथा उन्हें पारंपरिक क्षेत्र में रबड़ खेती के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया ।

घ) सुवर्ण संघम एवं श्रेष्ठ छोटा कृषक पुरस्कार

बोर्ड ने दो पुरस्कारों याने सुवर्ण संघम पुरस्कार एवं प्रोफ. के.एम.चाण्डी स्मारक श्रेष्ठ कृषक पुरस्कार स्थापित किए हैं जो द्वैवार्षिक रूप से क्रमशः उत्तम रबड़ उत्पादक संघ और छोटे कृषक को प्रदान किए जाते है । वर्ष के दौरान कालाम्पूर रबड़ उत्पादक संघ को सुवर्ण संघम पुरस्कार और श्री सदानन्दन, निमिल भवन, पिडवूर-पत्तनापुरम को प्रोफ के.एम.चाण्डी स्मारक पुरस्कार 2 जनवरी 2003 को प्रदान किए ।

4) प्राथमिक प्रक्रमण एवं छोटी जोतवालों के उत्पाद की गुणता सुधारने की योजना

तकनीकी विनिर्दिष्ट रबड़ फैक्टरियों का आधुनिकीकरण

योजना का लक्ष्य तकनीकी विनिर्दिष्ट रबड़ (ब्लॉक रबड़) की गुणवत्ता बढाने हेतु बेहतर कच्चा माल आपूर्ति श्रृंखला संस्थापित करने के लिए फसल एकत्रण एवं सामूहिक प्रक्रमण सुविधाओं की संस्थापना हेतु रबड उत्पादक संघों को समर्थन देना है ।

रबड़ शीट का पैकिंग

टी एस आर फैक्टरियों के आधुनिकीकरण योजना के अधीन रबड़ उत्पादक संघों को प्रदत्त सहायता का विवरण निम्न प्रकार हैः

क्र. सं.	सहायता का स्वभाव	र उ सं की संख्या	सहायता (लाख रुपयों में)
1	भवन का निर्माण	58	74.33
2	अन्य सुविधाएं	59	10.10
3	बहिस्राव उपचार	44	33.00
4	शीटिंग बैटेरी	50	24.75
5	अलुमिनियम बर्तन	59	13.80
6	कोयागुलेशन ट्रफ्स	26	11.70
7	लाटेक्स एकत्रण उपकरण	166	17.91
8	बैरल एवं गैस	100	11.38
	योग		**196.97**

5) सामूहिक कार्यकलाप, छोटे रबड़ जोतवालों में स्वयं सहायक ग्रूप का प्रोत्साहन - र उ सं/आदर्श र उ सं.

रबड़ उत्पादक संघ (र उ सं)

बोर्ड ने रबड़ उत्पादक संघ नाम से ग्राम स्तरीय छोटे कृषकों के स्वैच्छिक संगठनों के रूपायन को प्रोत्साहित करके एक समूह नीति अपनायी है । यह प्रौद्योगिकी के प्रभावी स्थानान्तरण और कुल स्वाभाविक रबड़ उत्पादन के 88 हिस्सेदार छोटी जोत क्षेत्र को सुशक्त करने के लिए है। रबड़ उत्पादक संघ रबड़ बोर्ड के अतिरिक्त हाथ के रूप में कार्य करने तथा भागीदारी नीति द्वारा छोटे कृषकों को प्रभावी रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए विस्तार कार्यों के अर्थपूर्ण हस्तांतरण में मदद देने के लिए लक्षित है । मृत र उ सं को पुनःजीवित करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इस तरह रूपायित र उ संघों का विवरण निम्न प्रकार है :

विवरण	2002-2003	2002-2003 तक संचित
नवगठित र उ सं	21	2148
पुनःजीवित र उ सं	25	810

वर्ष के दौरान रबड़ उत्पाद संघों की 2733 कार्यकारी समिति बैठकें आयोजित की जिनमें 15519 निदेशक मंडल सदस्य भाग लिए । इसके अलावा रबड़ उत्पादक संघों की 855 आम बैठकें आयोजित की जिनमें 20175 कृषक भाग लिए।

आदर्श रबड़ उत्पादक संघ

35 रबड़ उत्पादक संघों, 30 पारंपरिक क्षेत्र में एवं 5 गैर पारंपरिक क्षेत्र में, को आदर्श रबड़ उत्पादक संघ के रूप में चयन किया है तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केन्द्रों व सामाजिक प्रसंस्करण केन्द्रों के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक अवसंरचनाओं की संस्थापना हेतु वित्तीय एवं तकनीकी समर्थन प्रदान किया जा रहा है। ये आदर्श रबड़ उत्पादक संघ कृषकों, श्रमिकों आदि के प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में भी कार्य करते हैं। रोपण प्रबंधन, गुणवत्तायुक्त शीट निर्माण, मधुमक्खी पालन, खाद प्रयोग, पौधा संरक्षण तथा टापिंग आदि जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गये। इन केन्द्रों को प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए दृश्य - श्रव्य सुविधाएं प्रदत्त की गयी हैं।

जानकारियों को अद्यतन बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग हेतु मुख्य केन्द्रों में कंप्यूटर का प्रयोग किया जा रहा है। बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालयों को प्रदत्त दृश्य - श्रव्य उपकरणों का उपयोग 1080 बैठकों में किया गया जिनमें 32192 कृषक भाग लिए।

शीटों का तौलना

सामूहिक प्रक्रमण के लिए रबड़ उत्पादक संघों को धूम घर निर्माण हेतु वित्तीय सहायता

शीट रबड़ की गुणवत्ता सुधारने के लिए 1000 कि.ग्रा. क्षमता के धूम घर निर्माण के लिए रबड़ उत्पादक संघ को वित्तीय सहायताएं भी प्रदान की गयी । सहायताओं का विवरण निम्न प्रकार है:

रबड़ शीट का सामूहिक प्रक्रमण

लाभान्वित रबड़ उत्पादक संघों की संख्या - 20 नं.
दी गई रकम - 20 लाख रु.

वर्ष के दौरान 30 रबड़ उत्पादक संघों को पिछले वर्ष के लंबित भुगतान स्वरूप 6.45 लाख रुपये का वितरण किया।

10 वीं योजना के अधीन सामूहिक प्रक्रमण हेतु वित्तीय सहायता

सामूहिक प्रक्रमण हेतु सामग्रियों की खरीद के लिए 28 रबड़ उत्पादक संघों को 12.15 लाख रुपये वितरित किए । इसके अतिरिक्त 8 अन्य रबड़ उत्पादक संघों को धूम घर के निर्माण हेतु आंशिक भुगतान के रूप में 3.60 लाख रुपये वितरित किए ।

कृषक शिक्षा कार्यक्रम

विस्तार अधिकारियों और करीब एक दशलक्ष तक आनेवाले रबड़ कृषकों के अनुपात के भारी अन्तर को देखते हुए विभाग ने कृषक समाज से संपर्क बनाए रखने के लिए एक सामूहिक नीति अपनायी है । रबड़ खेती एवं प्रक्रमण के आधुनिक तकनीकियों के प्रसार हेतु हर वर्ष अभियान कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ।

इस अवधि के दौरान 4012 बैठकें/संगोष्ठियाँ आयोजित कीं जिनमें 99759 कृषक भाग लिए। बैठक/संगोष्ठी का मुख्य विषय रबड़ उत्पादन में लागत प्रतियोगिताक्षमता रहा।

आयोजित बैठकों एवं भागीदारों की संख्या का विवरण निम्न प्रकार है:

बैठक का स्वभाव	बैठकों की संख्या	भागीदार
पूर्ण दिवसीय	60	5168
अर्ध दिवसीय	731	22600
ग्रूप बैठक	1132	19055
अभियान बैठक	2089	52936
कुल	**4012**	**99759**

6) आय सृजन हेतु रबड़ टापरों एवं कृषकों को प्रशिक्षण

टापरों का प्रशिक्षण

छोटे कृषकों और श्रमिकों को टापिंग में प्रशिक्षण देने के लिए विभिन्न बागवानी केन्द्रों पर बोर्ड द्वारा चलाये जानेवाले 23 नियमित रबड़ टापर्स प्रशिक्षण स्कूल हैं । विवरण निम्न प्रकार है:

क्र. सं.	क्षेत्र	लक्ष्य		उपलब्धि	
		भौतिक (बैचों में)	वित्तीय (लाख रु)	भौतिक (बैचों में)	वित्तीय (लाख रु)
1	पारंपरिक क्षेत्र	122	18.96	108 बैचों में 1569 प्रशिक्षणार्थियाँ	13.48
2	गैर पारंपरिक क्षेत्र	33	5.11	20 बैचों में 303 प्रशिक्षणार्थियाँ	2.16
	कुल	**155**	**24.07**	**128**	**15.64**

वैज्ञानिक टापिंग के विभिन्न प्रायोगिक पहलुओं पर ह्रस्वावधि गहन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का भी आयोजन बोर्ड करता है। विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र. सं.	क्षेत्र	लक्ष्य		उपलब्धि	
		भौतिक (बैचों की सं.)	वित्तीय (लाख रु)	भौतिक (बैचों की सं.)	वित्तीय (लाख रु)
1	पारंपरिक क्षेत्र	425	19.98	*430	19.04
2	गैर पारंपरिक क्षेत्र	73	3.03	69	2.76

*समस्त में 8074 टापरों/कृषकों को (7344 पारंपरिक क्षेत्र में तथा 730 गैर पारंपरिक क्षेत्र में) 499 बैचों में प्रशिक्षित किया ।

3

महिलाओं को सशक्त करने के कार्यक्रम

विश्व बैंक परियोजना के दौरान रबड़ उत्पादक संघों द्वारा शुरू किए महिलाओं को सशक्त करने के कार्यक्रम (आय सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यकलाप) विभाग ने अपने मुख्य कार्यालय के विकास अधिकारी (महिला विकास) एवं प्रादेशिक कार्यालयों के नॉडल अधिकारियों के द्वारा समर्थन प्रदत्त किए। महिला स्वयं सहायक ग्रूपों को प्रशिक्षण एवं उत्पादों के विपणन के क्षेत्रों में सख्त समर्थन प्रदान किया।

तकनीकी अधिकारियों/कृषकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम

रबड़ बोर्ड के मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत दो विकास अधिकारियों को अमरिका के मिचिगन स्टेट विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण हेतु प्रतिनियुक्त किया था। बोर्ड के 34 विस्तार अधिकारियों एवं रबड़ उत्पादक संघों के 13 निदेशक मंडल सदस्यों को बैंगलूर के भारतीय बागानी प्रबंधन संस्थान में प्रशिक्षण दिए गए । 20 विस्तार अधिकारियों को केरल कृषि विश्वविद्यालय में कृषि कार्यक्रमों में लिंग के महत्व (जेंडर पेर्स्पेक्टीव इन एग्रिकल्चर प्रोग्राम) पर प्रशिक्षण दिए गए । इसके अलावा पाँच कृषकों, वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी और संयुक्त रबड़ उत्पादन आयुक्त (विस्तार) को थाइलैंड में एक अन्तर्राष्ट्रीय रबड़ कृषक सम्मेलन में भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्त किया था ।

♥♥♥

भाग V

रबड़ अनुसंधान

भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान

कोट्टयम में मुख्यालय के साथ भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान (आर आर आई आई) की संस्थापना वर्ष 1955 में हुई। संस्थान का मुख्य अनुसंधान प्रक्षेत्र केरल राज्य के पत्तनमतिट्टा जिला के रान्नी में 250 हे. क्षेत्र में स्थित है। इसके 12 क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशन है जो केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय और त्रिपुरा राज्यों में फैले हुए हैं । उत्तर पूर्व के पाँच क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशन मिलकर उत्तर पूर्वी अनुसंधान परिसर बनता है जिसका मुख्यालय अगर्तला में है। संस्थान में 125 वैज्ञानिक हैं तथा 319 समर्थक कर्मचारी और रबड़ प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, पौधा प्रजनन, जननद्रव्य, जैव प्रौद्योगिकी, शोषण, सस्य विज्ञान, मृदा विज्ञान, पादप रोग विज्ञान, आर्थिकी एवं सस्य शरीरक्रिया विज्ञान के क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य जारी रखे।

फसल सुधार पर वनस्पति विज्ञान प्रभाग के अनुसंधान कार्यक्रमों ने अच्छी प्रगति की । आर आर आई आई 414, आर आर आई आई 417, आर आर आई आई 422, आर आर आई आई 429 एवं आर आर आई आई 430 नामक

पाँच क्लोनों ने छोटे पैमाने के परीक्षण में 23 से 49 प्रतिशत तक फसल सुधार दिखाकर आर आर आई आई 105 से बेहतर फसल प्रदर्शन जारी रखा । ये क्लोन बडे पैमाने के परीक्षणों में भी समान रुख का प्रदर्शन बनाए रखती हैं । बहु विषयक परीक्षणों में पी बी 314, पी बी 255, पी बी 312, पी बी 280, पी बी 311 एवं पी बी 260 का निष्पादन चार वर्षों के फसल आंकन के बाद भी आर आर आई आई 105 से बेहतर रहे। लाटेक्स एवं काष्ठ योज्य क्लोनों के रूप में इनकी संभाव्यताओं की सूचना देते हुए पी बी 235, पी बी 280 एवं पी बी 260 क्लोनों ने इनकी वर्द्धिष्णुता एवं उच्च फसल का प्रदर्शन किया। प्रबल क्लोनों की संततियों के परीक्षण में पचास क्लोनों ने आर आर आई आई 105 की तुलना में आशाजनक फसल का प्रदर्शन किया। बड्ड किये हरे पौधों की तुलना में बड्ड किये तरुण पौधे बढिया पाये गये। सामान्य पेडों की तुलना में भूरे बास्ट प्रभावित पेडों में पराग निष्फलता अधिक पायी गयी।

विखाम और जंगली मूल दोनों के जननद्रव्यों के परिरक्षण, लक्षण-वर्णन एवं मूल्यांकन जारी रखे। स्रोत झाड पौधशालाओं की पुनःस्थापना हेतु 1250 जंगली जननद्रव्य अनुवृद्धियों का संवर्द्धन पूरा किया। 46 अनुवृद्धियों के एक सौ छत्तीस हेर्बेरियम नमूनों की तैयारी की। संस्थान में एक डेटा बैंक सोफ्टवेयर का विकास किया और आंकडों की प्रविष्टि शुरू की। ओइडियम रोधिता की एक बार क्षेत्र परीक्षण स्रोत झाड पौधशालाओं एवं क्षेत्र में पूरा किया। रबड़ रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ इंडोनेशिया से हिविया की चार जातियाँ याने हिविया ग्वुनेन्सिस, हिविया पॉसिफ्लोरा, हिविया कोलीना एवं हिविया कामरागोना प्राप्त की गयीं। दो जातियाँ याने हिविया स्प्रूसियाना एवं हिविया बेन्तामियाना की पूर्ति रबड़ रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ श्रीलंका को की । हिविया की तीन जातियों पर किये आर ए पी डी अध्ययन से जाति विशेष निशानों की पहचान की गयी जिसका सफल उपयोग अन्तरजातीय संकरों के निरूपण में किया जा सकता है। एक अन्य अध्ययन से विभिन्न कवकीय रोगों के प्रति रोगरोधिता दिखानेवाले सात अनन्य बहुरूपी विखंड का पता लगाया है।

जैव प्रौद्योगिकी प्रभाग द्वारा केन्द्रीय परीक्षण स्टेशन में कायिक भ्रूणोद्भव द्वारा उत्पादित आर आर आई आई 105 के पौधे बडे पैमाने के क्षेत्रीय मूल्यांकन हेतु लगा दिये हैं। पूर्व में उत्पादित सूपर ऑक्साइड डिस्म्यूटेस से एकीकृत ट्रान्सजेनिक हिविया पौधे की अच्छी वृद्धि पायी गयी। समान जीन से एकीकृत बीस और ट्रान्सजेनिक पौधे कठोर कर दिए गए तथा पॉलिथीन बैगों में लगा दिए हैं। कई रोगों के प्रति सहनशीलता में लगे बी- 1, 3 ग्लूकनेस के जीन कोड की संरचना को अलग कर दिया और अध्ययन किया। हिविया ब्रासीलियन्सिस की जीनोमिक सी डी एन ए और डी एन ए लाइब्रेरियों को विकसित करने की विधियों का मानकीकरण किया गया। एक आंशिक सी डी एन ए व जीनोमिक डी एन ए लाइब्ररियों को विकसित किया।

स्वाभाविक रबड़ की उत्पादन लागत कम करने के लिए दी गयी कम आवृत्ति की टापिंग प्रणाली की अनुशंसा बागान क्षेत्र एवं मध्यम जोतवालों ने सहर्ष स्वीकार की। इन्हें छोटी जोतों में लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है । कम आवृत्ति के टापिंग की सफलता को अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई तथा भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान के शोषण अध्ययन के प्रधान को इन्टरनाशनल रबड़ रिसर्च एवं डेवलपमेंट बोर्ड (IRRDB) के नवगठित सदस्य राष्ट्रों के शोषण वैज्ञानिकों के ग्रूप के अन्तर्राष्ट्रीय कार्यकलाप के संयोजन हेतु संपर्क अधिकारी बना दिया है। कम आवृत्ति के टापिंग के विस्तार के लक्ष्य से कई प्रयोगशाला से कृषि भूमि कार्यक्रमों का आयोजन किया। सलाहकारी कार्य हेतु छोटी जोतों एवं बागानों में लाटेक्स निरूपण अध्ययन जारी रखे । आर आर आई आई 400 श्रेणी के क्लोनों पर भी अनुसंधान बढवा दिया है।

एकीकृत खरपतावार प्रबंधन, मृदा एवं जल संरक्षण, अन्तरासस्यन और वार्षिक व बहुवर्षीय फसलों और काष्ठ जाति को एकीकृत करनेवाली फसलन प्रणाली तथा खाद प्रबंधन पर सस्यविज्ञान प्रभाग की खोज संतोषजनक रूप से प्रगति की । खाद परीक्षण के परिणामों से यह सूचना मिली है कि नियंत्रित खाद निर्मुक्ति द्वारा नेत्रजन प्रयोग की खुराक एवं आवृत्ति कम कर देने की संभावनाएं है। खरपतवार प्रबंधन के परीक्षणों ने खुलासा किया है कि पौधों के थालों पर ग्लाइफोसेट शाकनाशी का एवं बाकी क्षेत्र में चीर निराई का एकीकृत अभिगम लागत प्रभावी एवं परिस्थिति

के अनुकूल हो सकता है । लाटेक्स सेन्ट्रीफ्यूज़ फैक्टरियों की अपशिष्ट सामग्री, कटोरा पंक (बाउल स्लड्ज) के प्रभाव पर किये गये अध्ययन से पता चला है कि रबड़ की वृद्धि एवं फसल के संवर्धन में यह रॉक फोस्फेट के समान अच्छा ही है । एक सर्वेक्षण के परिणाम ने दिखाया कि निम्न भूमि व उच्च धान खेतों में रबड़ की वृद्धि और फसल अधिक है । बागानवालों को सलाहकारी सेवा के रूप में 29 बडे बागानों के 837 अलग अलग खेतों में विवेकी खाद प्रयोग की अनुशंसाएं दी गयी । सस्यविज्ञान प्रभाग के डी आर आई एस इकाई ने विवेकी खाद प्रयोग के लिए 9924 मृदा नमूनों एवं 1142 पत्ता नमूनों का विश्लेषण किया तथा जोतों को 5200 अनुशंसाएं दे दीं।

पादप रोगविज्ञान प्रभाग ने रोग बाधा पर सर्वेक्षण किया तथा नियंत्रण उपायों की खोज की। आर. आर.आई.आई -105 पर फाइटोफ्तोरा पत्ती सडन रोग पर 1,30,000 हेक्टर क्षेत्र में एक सर्वेक्षण चलाया। 60 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में मध्यम से कठोर पत्ती सडन रही। फाइटोफ्तोरा एवं ओइडियम पत्रक रोग के प्रति सहनशीलता हेतु जंगली जीनरूप के 600 से अधिक अनुवृद्धियों को परखा गया। इससे फाइटाफ्तोरा के प्रति सहनशील 10 एवं आइडियम के प्रति सहनशील 20 अनुवृद्धियों का पता लगाया जा सका है। रोग नियंत्रण परीक्षणों में 20% हेक्सागोनाजोल का धूल डालना ओइडियम एवं कोरिनिस्पोरा रोगों से एकसाथ संरक्षण का परिणाम प्राप्त हुआ । कोरिनिस्पोरा पर्ण रोग की मौसमिक बाधा पर अध्ययन ने खुलासा किया कि रोग का सर्वाधिक प्रकोप मार्च महीने के मध्यम से अप्रैल तक है । वेधक इल्लियों के नियंत्रण के लिए प्रकोपित वृक्ष के तने पर 0.5% कार्बरिल एवं 0.25% क्विनलफोस के मिश्रण से फाहा करना प्रभावी है।

पर्ण चक्र को जब 60% पी ई जी में ऊष्मायन किया तथा खुले सूर्यप्रकाश में रखा गया तो पर्णहरित निम्नीकरण देखा गया । तरुण पर्णों में निम्नीकरण तेज़ रहा तथा 60% से अधिक पर्णहरित घटा हुआ पाया गया । सूखा एवं अधिक प्रकाश के प्रति सहनशीलता की खोज हेतु यह तरीका अच्छा मालूम पडता है । प्रकंद एवं सांकुरक के आर ए पी डी विश्लेषण से पता चला है कि हिविया के सामान्य स्वस्थ पेडों की तुलना में टापिंग पानल सुखापन (TPD) रोग बाधिक पेडों में प्रकंद एवं सांकुरक की जननिक दूरी अधिक है । टापिंग पानल सुखापन रोगबाधिक पेडों में एथाइलिन विकास अधिक पाया गया।

रबड़ रसायन, भौतिकी एवं प्रौद्योगिकी (आर सी पी टी) प्रभाग द्वारा विभिन्न रबड़ खेतीवाले क्षेत्र के रबड़ शीटों की गुणवत्ता का अध्ययन जारी रखा । रबड़ शीट साफ करने के अर्ध स्वचालित मशीन के निष्पादन में सुधार एवं

ऊर्ध्वमुखी टापिंग पर प्रशिक्षण

लागत कम करने के लिए उसका परिष्करण कर दिया । फील्ड कोयागुलम की गुणवत्ता बढाने हेतु एक परिरक्षक की पहचान की गयी । किण्वक द्वारा प्रोटीन रहित बनाए स्वाभाविक रबड़ लाटेक्स की तैयारी की तथा प्रक्रम की व्यवहार्यता का मूल्यांकन एक दस्ताना उत्पादक इकाई में किया गया। एक अग्रणी उद्योग ग्रूप को अनुसंधान एवं विकास परीक्षण के लिए छः सौ किलोग्राम इ एन आर-50 लाटेक्स की आपूर्ति की गयी । स्वाभाविक रबड़ के शुष्क रबड़ संघटक जल्द मापने की एक अनुमापन प्रणाली का मानकीकरण किया । नियंत्रित वी एफ ए वाले अपकेंद्रित स्वाभाविक रबड़ लाटेक्स के अधिकतम प्राप्त एम एस टी मूल्य, विस्कास्तिता एवं के ओ एच संख्या की पूर्वसूचना उसके उत्पादन के चार दिनों के अन्दर उचित कृत्यता से देने हेतु एक त्वरित परीक्षण का विकास किया है।

आर्थिकी प्रभाग द्वारा भारतीय स्वाभाविक रबड़ क्षेत्र पर विश्व व्यापार संगठन करार की उलझनों पर अध्ययन किया तथा परिणामस्वरूप "द जेनेसिस ऑफ डब्ल्यू टी ओ एण्ड आफ्टरमाथ तथा डब्ल्यू टी ओ एण्ड द नाचुरल रबड़ सेक्टर इन इंडिया" नामक दो रिपोर्टें प्रस्तुत की गयी। एक अन्य अध्ययन में छोटी जोत क्षेत्र के टापरों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का अध्ययन किया गया । अध्ययन ने मज़दूरी का स्वरूप टापर की उत्पादकता के आधार पर उसके अनुकूल बनाने की आवश्यकता की ओर इशारा किया है । टापिंग क्षमता सुधारने तथा अत्यंत कुशल एवं अनुभवी टापरों को उसमें रोके रखने के लिए एक प्रोत्साहन योजना आवश्यक बताया है । एक लंबी अवधि के परिप्रेक्ष्य में रबड़ उत्पादक संघों से संबद्ध एक श्रमिक प्रारक्षण की विरचना अतिआवश्यक बतायी है ।

विभिन्न प्रांतों में स्थित प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशनों ने हिविया की खेती एवं रोपण पर स्थानीय विशेष के अध्ययन चलाये । प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशन, अगर्तला में रबड़ के साथ चाय के अन्तरा-सस्यन पर परीक्षण की अच्छी प्रगति हुई । चाय पत्ती की अधिकतम फसल अक्तूबर के महीने में रही। उच्च घनता के रोपण हवा से नुक्सान को कम करते हुए देखा । तीन मंजिलीय हवा पट्टी भी हवा के नुक्सान को कम करने में सहायक देखी गयी । अगर्तला के परीक्षणों से देखा गया कि पी बी 235 क्लोन सबसे अधिक फसलदायक है तथा जिसके पीछे है आर आर आई आई 203 एवं आर आर आई एम 600 । मृदा एवं पर्ण विश्लेषण के आधार पर स्टेशन से संबद्ध चल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला ने 188 कृषकों को विवेकी खाद प्रयोग पर अनुशंसाएं दी।

मेघालय में तुरा के प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशन में आर आर आई एम 600 सबसे अधिक फसलदायक क्लोन है जिसके पीछे है आर आर आई आई 105 एवं पी बी 235. स्टेशन में चलाए एक टापिंग अध्ययन से पता चलता है कि ठंड की मौसम के दौरान गड़ो हिल्स में टापिंग समय परिवर्तित करके पूर्वाः 8-9 बजे करना चाहिए ताकि टापरों को ठंड से बचाया जा सकें तथा जो उत्पादकता स्तरों पर कोई प्रभाव नहीं डालता भी। दक्षिणी ढालों के पौधों की कम वृद्धि देखी गयी जबकि बेहतर फसल । रोग सर्वेक्षण से गाड़ो हिल्स के रबड़ बागानों में कोई गंभीर बीमारी का पता नहीं चला ।

प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशन, गुआहटी के परिणामों ने वृद्धि और फसल की दृष्टि से आर आर आई एम 600 क्लोन की श्रेष्ठता का खुलासा किया है । तीन महीने के विश्राम के साथ 4 दिनों (d/4) के अन्तराल के टापिंग के अधीन फसल एवं शुष्क रबड़ संघटक सर्वाधिक रहे। पश्चिम बंगाल के परीक्षण स्टेशन के परीक्षणों में वृद्धि एवं फसल की दृष्टि से एस सी ए टी सी 93/114 क्लोन श्रेष्ठ पाये गये । बारह जंगली जीनरूप चूर्णिल आसिता रोग के प्रति रोगरोधी निर्धारित किये गये । उत्तर बंगाल के गिटी एवं रोंगो में रोग का प्रचुर प्रकोप पाया गया ।

महाराष्ट्र में दपचारी के प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशन में मई एवं जून के महीनों में टापिंग विश्राम के साथ वर्ष में चार बार उद्दीपन देकर तीन दिवस के अन्तराल के टापिंग से सर्वाधिक संचित फसल प्राप्त हुई । सिंचित अवस्था में भी वर्ष में चार उद्दीपन अधिकतम फसल प्राप्ति के लिए अनुकूलतम है। सूखा ग्रस्त इलाके के इस स्टेशन पर चलाए अनुसंधान में वृद्धि एवं फसल में आर आर आई आई 208 एवं आर आर आई आई 6 क्लोन बेहतर देखे गये । इलाके के बहुसंकर संततियों के मूल्यांकन से पता चला है

कि इलाका सात महीने से ऊपर बिना वर्षा के रहने के बावजूद प्राप्त फसल करीब 800 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर रही।

उड़ीसा में धेंकनाल के प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशन में लोकप्रिय क्लोनों में सबसे अधिक वृद्धि दर जी टी-1 की रही जिसके पीछे है आर आर आई एम 600 एवं आर आर आई आई 105 लेकिन सबसे अधिक फसल आर आर आई एम 600 की रही।

कर्नाटक के हिविया प्रजनन केन्द्र में पी बी 235, पी बी 260 एवं आर आर आई आई 105 के निष्पादन अच्छे रहे । नये क्लोनों में आर आर आई आई 429 का निष्पादन अच्छा रहा।

परलियार के हिविया प्रजनन केन्द्र में पोली बैग पौधों के प्रतिस्थापन के रूप में मूल अनुवर्धन उगाए गए थे । इसकी उत्पादन लागत कम है और जिसका परिवहन आसान भी । खेत में उत्तरजीवन भी बेहतर रहा।

वर्ष 2002 की वार्षिक पुनरीक्षा बैठक सितंबर 2 से 14 सितंबर तक आयोजित की गयी। भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान एवं प्रादेशिक अनुसंधान केन्द्रों के सभी वैज्ञानिकों ने अनुसंधान कार्य की प्रगति की प्रस्तुति की। विशेषज्ञ समिति सदस्यों ने कार्य की प्रगति की आलोचनात्मक पुनरीक्षा की । विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर अनुसंधान परियोजना के कार्यक्रमों को अधिक सुचारु रूप दिया।

पिछले एक वर्ष के अनुसंधान के मुख्य अंशों का संकलन किया गया तथा अनुसंधान एवं विकास समिति की 5 अक्तूबर 2002 को संपन्न बैठक में प्रस्तुत किया गया। समिति ने अनुसंधान कार्यक्रमों की पुनरीक्षा की तथा उपयोगी सुझाव दिए । श्री एल वी सप्तऋषि भा प्र से, अतिरिक्त सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने 6 जुलाई 2002 को रबड़ बोर्ड के इन्टेर्नेट पोर्टल "www.rubberboard.org.in" का उद्घाटन किया। पोर्टल में रबड़ बोर्ड के कार्यकलापों की विस्तृत सूचना प्राप्त होती हैं तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में रबड़ का दैनिक भाव, मौसम आंकडे, समाचार घटनाएं, प्रशिक्षण कलैंडर आदि की नियमित अद्यतन सूचनाएं प्राप्त होती हैं।

वर्ष के दौरान आठ वैज्ञानिक संगोष्ठियाँ आयोजित कीं जिनमें 26 अनुसंधान आलेख प्रस्तुत किये थे तथा जिनपर चर्चा की थी ।

विशेष विषयों में दो वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण दिया गया। *प्लांट जेनेटिक रिसोर्सस* (पौधा जननिक संसाधन) पर जर्मनी के गेटेरस्लेबन में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक वैज्ञानिक भाग लिये तथा "जेनेटिक रिसोर्स मैनेजमेंट ऑफ हिविया इन इंडिया" (भारत में हिविया के जननिक संसाधन प्रबंधन) पर आलेख प्रस्तुत किया । जिनोम विश्लेषण प्रयोगशाला के एक वैज्ञानिक ने इटली के उडीन विश्वविद्यालय में 3 महीने के *प्लान्ट डी एन ए*



नेल्लिक्कुन्नु आदर्श रबड़ उत्पादक संघ के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण- सह-प्रशिक्षण केन्द्र

मार्केर्स में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया । पारिस्थितिक शरीरक्रिया वैज्ञानिक ने अमरीका के जोर्जिया विश्व विद्यालय में सस्य प्रकाश संश्लेषण पर दो महीने के उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया । उप निदेशक प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशन गुआहटी इटली के नाशनल रिसर्च काउंसिल में छः सप्ताह के लो टेम्परेचर स्ट्रेस स्टडीज़ पर विशेष प्रशिक्षण में गये थे । उप निदेशक केन्द्रीय परीक्षण स्टेशन तथा पौधा रोग वैज्ञानिक, प्रादेशिक अनुसंधान स्टेशन, गुआहटी ने मलेशियन रबड़ बोर्ड व इंडोनेशिया रबड़ रिसर्च इंस्टिट्यूट में दो हफ्तों का अध्ययन दौरा किया था । जननद्रव्य वनस्पतिज्ञ एवं आर्थिक अनुसंधान प्रभाग के वैज्ञानिक ने 35 दिनों की अवधि के लिए मलेशिया के विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय महत्ता के केन्द्रों में रबड़ काष्ठ प्रसंस्करण, उपयोग व काष्ठ लाटेक्स क्लोनों पर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किए। उप निदेशक आर सी पी टी ने आई आर आर डी बी फेलोशिप के साथ 45 दिनों की अवधि के स्वाभाविक रबड़ संसाधन एवं प्रौद्योगिकी के उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इन्टरनाशनल रबड़ रिसर्च एण्ड डवलपमेंट बोर्ड, मलेशियन रबड़ बोर्ड एवं इंडोनेशियन रबड़ रिसर्च इंस्टिट्यूट द्वारा अगस्त-सितंबर 2002 में आयोजित पौधा प्रजनन, सस्य विज्ञान एवं सामाजिक-आर्थिकी में संयुक्त कार्यशाला में संयुक्त निदेशक (शोषण), उप निदेशक (आर्थिकी) एवं उप निदेशक (जननद्रव्य) भाग लिए। शोषण प्रौद्योगिकी पर की प्रस्तुति ने आई आर आर डी बी शोषण प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ ग्रूप की गठन की ओर ले चला ।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के दो अतिथि वैज्ञानिक भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान का दौरा किये तथा पौधा रोगविज्ञान के पहलुओं पर वक्तव्य दिया । नवंबर 2002 के दौरान पोलैंड के तीन वैज्ञानिक भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान के दौरा पर आए ।

भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान के 21 वैज्ञानिक एवं कनिष्ठ प्रकाशन अधिकारी मैसूर में संपन्न 15 वीं प्लाक्रोसिम (PLACROSYM XV) में भाग लिए । भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान से 20 अनुसंधान लेख प्रस्तुत किये गये । उत्तम अनुसंधान कार्य की मौखिक प्रस्तुति के लिए डॉ सी एस वेंकिटराम मेमोरियल अवार्ड भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान के लेख "मोलिकुलार क्यारक्टरैसेशन ऑफ फंगल पतजन्स कोसिंग लीफ डिज़ीसस इन रबड़ हिविया ब्रजीलियनसस" को प्राप्त हुआ । भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान की पोस्टर प्रस्तुति "टुवेर्डस डेवलपमेंट ऑफ ए रबड़ इनफॉर्मेशन सिस्टम" को उत्तम पोस्टर पुरस्कार से सम्मानित किया ।

प्लान्टर्स कॉंफ्रेन्स

भारत में रबड़ की वाणिज्यक खेती की शताब्दी मनाने के लिए "भारतीय रबड बागान उद्योग की विश्व प्रतियोगिता क्षमता" विषय पर कोट्टयम के भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान में 21 एवं 22 नवंबर 2002 को "रबड़ प्लान्टेर्स कांफ्रेन्स 2002" नामक एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस क्षेत्र के विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और कृषकों के बीच अर्थवान विचार विमर्श हेतु एक मंच इसके द्वारा प्रदान किया गया।

दो दिन के इस सम्मेलन में 10 सत्र थे। उद्घाटन सत्र में "स्वाभाविक रबड़ - कल, आज और आगामी कल" नामक मुख्य अभिभाषण भूतपूर्व रबड़ उत्पादन आयुक्त श्री पी मुकुन्दमेनोन ने किया। उन्होंने भारतीय रबड़ बागान उद्योग की उपलब्धियों और इसकी प्रमुख विशेषताओं तथा भविष्य की चुनौतियों को सामना करने के लिए उसमें निहित शक्ति पर प्रकाश डाला। डॉ ए एफ एस बुडिमान ,महा सचिव, इंटर्नाशनल रबड़ स्टडी ग्रूप, लंदन और डॉ अब्दुल अज़ीज़ बिन एस ए कादिर, महा सचिव इंटर्नाशनल रिसर्च एवं डवलपमेंट बोर्ड, मलेशिया ने उद्घाटन सत्र में आलेखों की प्रस्तुति की।

आई आर एस जी द्वारा हाल में चलाए गए अध्ययन के आधार पर डॉ बुडिमान ने इशारा किया कि वर्ष 2005 तक विश्व भर स्वाभाविक रबड़ की पूर्ति से अधिक मांग होने की संभावना है अंततः जिसका प्रभाव स्वाभाविक रबड़ के भाव पर भी पडेगा। उन्होंने सूचित किया कि जो वर्ष 2003 में भी हो सकता है। उन्होंने आगे जोडा, कि स्वाभाविक रबड़ के सामने कोई चुनौती नहीं है बेशर्ते कि भौगोलिक आर्थिक स्थिति पर (परिप्रेक्ष्य में) किसी अप्रत्याशित घटनाएं न हो। डॉ अब्दुल अज़ीज़ विन एस ए कादिर द्वारा प्रस्तुत आलेख विभिन्न रबड़ उत्पादक देशों की अनुसंधान प्रमुखताओं विशेषकर अंतरा सस्यन, फसल अवशोषण एवं रबड़ बागानों से अतिरिक्त आय के सृजन पर आंकडों से भरपूर रहा।

प्रथम दिवस पर उद्घाटन सत्र के बाद चार तकनीकी सत्र रहे जो कृषि प्रबंधन, रोपण सामग्रियों, फसल अवशोषण एवं संसाधन विषयों पर थे। दूसरे दिन पर्यावरण समस्याएं, फसल संरक्षण, रबड़ आर्थिकी एवं कृषि विस्तार विषयों पर चार सत्र थे। संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा अध्यक्षता किये गये विभिन्न सत्रों में कई वैज्ञानिक एवं तकनीकी आलेख प्रस्तुत किये गए।

एक समापन सभा के साथ दो दिवसीय सम्मेलन 22 नवंबर को शाम समाप्त हुआ। श्री एस एम डसलफिन, अध्यक्ष रबड़ बोर्ड ने सभा की अध्यक्षता की। डॉ एन एम मात्यु, निदेशक अनुसंधान ने कार्यवाही का सारांश प्रस्तुत किया।

शताब्दी समारोह का समापन 2 जनवरी 2003 को कोट्टयम के माम्मन माप्पिलै हाल में आयोजित एक आम बैठक के साथ हुआ। श्री ओ राजगोपाल केन्द्रीय संसदीय मामला राज्य मंत्री, श्री के. एम. माणी, राजस्व एवं नियम मंत्री, केरल राज्य, श्री दीपक चटर्जी, वाणिज्य एवं उद्योग सचिव , भारत सरकार, श्री उम्मन चाण्डी, विधायक, श्रीमती मर्सी रवी, विधायक, श्री एट्टुमानूर वी राधाकृष्णन उपाध्यक्ष, रबड़ बोर्ड जैसे विशिष्ट व्यक्तित्वों एवं अन्य कई महान व्यक्तियों ने भागीदारी की। श्रेष्ठ छोटे रबड़ कृषक एवं उत्तम रबड़ उत्पादक संघ को दिए जानेवाले द्वैवार्षिक पुरस्कारों का वितरण भी इस अवसर पर किया गया। के.एम. चाण्डी स्मारक श्रेष्ठ रबड़ कृषक पुरस्कार पत्तनापुरम

माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा श्रेष्ठ रबड़ उत्पादक संघ पुरस्कार दिया जा रहा है।

23 नवंबर 2002 को उपासी ने मुंडक्कयम में एक क्षेत्र संदर्शन दिवस का आतिथ्य किया। रोपण, अन्तराफसलन, बहुफसलन, प्रक्षेत्र मशीनीकरण, शोषण आदि पर अद्यतन विकासों के क्षेत्रीय निदर्शन का प्रबंध किया गया। क्षेत्र संदर्शन के दौरान प्रतिनिधियों ने रबड़ खेती, शोषण एवं संसाधन क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ विचार विमर्श किया।

के श्री के सदानन्दन को केरल राज्य के राजस्व व नियम मंत्री श्री के एम माणी ने प्रदान किया। उत्तम रबड़ उत्पादक संघ को दिए जानेवाले "सुवर्णसंघम" पुरस्कार कालाम्पुर र उ सं (मूवाट्टुपुषा क्षेत्र) के अध्यक्ष श्री पी योहन्नान को केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री ओ. राजगोपाल ने प्रदान किया। रबड़ बोर्ड द्वारा शताब्दी समारोह के सिलसिले में तैयार की गयी स्मारिका का प्रकाशन श्री दीपक चटर्जी, सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने किया।

♥♥♥

भाग VI

वित्त एवं लेखा विभाग

लेखा प्रणाली का रूपायन एवं प्रचालन, बजट तैयार करना, वित्तीय प्राक्कलन एवं रिपोर्ट, बजट नियंत्रण का पालन, प्रभावी निधि प्रबंधन, प्रणालियों व प्रक्रियाओं की स्थापना एवं रख रखाव, आन्तरिक लेखा परीक्षा की निगरानी एवं संवैधानिक लेखा परीक्षा, वित्तीय उपयुक्तता एवं कारोबार की नियमितता, कंप्यूटर प्रयोगों का निरीक्षण, लागत नियंत्रण की निगरानी, परियोजनाओं/योजनाओं का मूल्यांकन, कर संबंधी कार्य आदि वित्त एवं लेखा विभाग के प्रमुख कार्य हैं। वर्ष के दौरान विभाग ने निम्न लिखित कार्य किये।

1. वार्षिक बजट, निष्पादन बजट, विदेशी यात्रा बजट आदि की तैयारी ।
2. बोर्ड के मंजूर बजट के अनुसार धन का आहरण एवं संवितरण । 'शून्य' आधारित बजटिंग के अधीन बजट की पुनरीक्षा एवं परिशोधन और बजट नियंत्रण का पालन ।
3. बोर्ड के लेखों का रख-रखाव, वार्षिक लेखा व तुलन पत्र की तैयारी, महालेखाकर, केरल द्वारा लेखा परीक्षा के लिये लेखों का प्रस्तुतीकरण और लेखापरीक्षा किये गये लेखे रबड़ बोर्ड/मंत्रालय/संसद को प्रस्तुत करना ।
4. समय समय पर भारत सरकार को अनुदान की मांग प्रस्तुत करना, भारत सरकार से निधि स्वीकार करना तथा इसकी अधिकतम उपयोगिता सुनिश्चित करके वित्तीय प्रबंधन ।
5. वित्तीय औचित्य एवं विनिमयन की नियमितता पर सलाह देना और भुगतान नियमित करना।
6. प्राकृतिक रबड़ के मूल्य निर्धारण करने में और उत्पादन लागत निश्चित रूप से जानने में वित्त मंत्रालय की लागत लेखा शाखा को सहायता देना।
7. परियोजना रिपोर्ट एवं योजनाओं के लिए वित्तीय विवरणियों की तैयारी ।
8. केन्द्रीय आय कर, कृषि आय कर एवं बिक्री कर मामलों से संबंधित बोर्ड का कार्य निष्पादन।
9. रबड़ बोर्ड एवं रबड़ उत्पादक संघों द्वारा संयुक्त रूप से अभिवर्द्धित कंपनियों के कार्यकलापों का समन्वय करना।
10. वित्तीय लेखे, वेतन रोल आदि के क्षेत्र में कंप्यूटरीकृत डाटा प्रोससिंग।
11. समय समय पर भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों के आधार पर कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य हकदारों का आहरण एवं संवितरण।
12. पेंशन निधि एवं सामान्य भविष्य निधि का प्रबंधन तथा उससे संवितरण का नियमन।
13. कंप्यूटरीकरण एवं बोर्ड के सभी विभागों से नेट संपर्क स्थापित करने की योजना का कार्यान्वयन।

वर्ष 2001-02 के वार्षिक लेखे

वर्ष 2001-2002 के लिये वार्षिक लेखे तैयार किये और निश्चित समय में ही महालेखाकार, केरल को प्रस्तुत किये । महालेखाकार, केरल से प्राप्त लेखा परीक्षा रिपोर्ट और प्रमाण पत्र के साथ लेखा परीक्षित लेखा बोर्ड ने इसकी 146 वीं बैठक में स्वीकार किये तथा निश्चित समय में ही केन्द्र सरकार को प्रस्तुत किये थे।

2002-03 का संशोधित प्राक्कलन और 2003-04 का बजट प्राक्कलन

2002-03 के लिये संशोधित बजट और 2003-04 के लिये बजट प्राक्कलन समय पर तैयार किये तथा सरकार को प्रस्तुत किये । 2002-03 के लिये 98.31 करोड रु. के प्लान एवं 15.00 करोड रु. नोन-प्लान दोनों को मिलाकर अनुमोदित बजट 113.31 करोड रु. था । इसके बदले इस वर्ष का वास्तविक खर्च 96.75 करोड रु. था (84.08 करोड रु. प्लान एवं 12.67 करोड रु. गैर प्लान) । वर्ष 2003-04 के लिये अनुमोदित बजट 107.41 करोड रु. है । जिसमें 93.28 करोड रुपये योजना (83.54 करोड रुपये बजट समर्थन एवं 9.74 करोड का प्रारंभिक शेष) एवं 14.13 करोड रुपये गैर योजना (बजट समर्थन 10.50 करोड तथा 3.63 करोड आंतरिक संसाधन) के सम्मिलित है ।

निधियों का प्रबंधन

(i) सामान्य निधि

वर्ष 2001-2002 के लिये वार्षिक लेखे तैयार किये और निश्चित समय में ही महालेखाकार, केरल को प्रस्तुत किये । महालेखाकार, केरल से प्राप्त लेखा परीक्षा रिपोर्ट और प्रमाण पत्र के साथ लेखा परीक्षित लेखा बोर्ड ने इसकी 146 वीं बैठक में स्वीकार किये तथा निश्चित समय में ही केन्द्र सरकार को प्रस्तुत किये थे।

(ii) सामान्य भविष्य निधि/पेंशन निधि

2003 मार्च 31 को सामान्य भविष्य निधि में 18.11 करोड रु. और पेंशन निधि में 11.08 करोड रु. बाकी थे। अधिकतम प्रतिलाभ प्राप्त करने के लिए निधियों के संचय का निवेश किया था। बोर्ड 2228 अभिदाताओं के सा.भ.नि.खातों का अनुरक्षण करता है । वर्ष के दौरान सेवा निवृत्तों की सूची में 562 व्यक्ति थे ।

(iii) लागत लेखे

वित्त व लेखा प्रभाग की लागत लेखा इकाई ने लागत लेखा आंकडों के एकत्रण करने एवं विश्लेषण करने के कार्य जारी रखे । सरकार एवं अन्य सांविधिक निकायों एवं अभिकरणों द्वारा मांगी गई सूचनाएं समय समय पर प्रस्तुत कीं ।

वित्त व लेखा विभाग ने बिक्री कर एवं कृषि आय कर मामलों के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन किया तथा उचित सलाहें दी गईं ।

(iv) आन्तरिक लेखा परीक्षा

निदेशक (वित्त) के क्रियात्मक नियंत्रण में आन्तरिक लेखा परीक्षा अधिकारी आन्तरिक लेखा परीक्षा प्रभाग के मुख्य है । यह प्रभाग विभिन्न विभागों/प्रभागों/अनुभागों/कार्यालयों/स्थापनाओं के कार्यों व कार्य स्थितियों की जानकारी अध्यक्ष को प्रदत्त करने व नियंत्रित करने एवं उचित उपाय अपनाकर इनको ठीक करने का प्रमुख उपकरण है । प्रभाग विभिन्न विभागों को बोर्ड के कार्यकलापों का सही विश्लेषण, आंकन, सिफारिश एवं संगत टिप्पणियों से अपने उत्तरदायित्वों को पूरा करने में सहायता प्रदान करता है । केरल के महा लेखाकार कार्यालय के लेखा परीक्षा विभाग एवं बोर्ड के बीच संपर्क कार्य भी प्रभाग करता है ।

बोर्ड के विविध कार्यालयों/संस्थापनाओं का निरीक्षण/लेखा परीक्षा, पेंशन/सेवानिवृत्ति/ आमेलन मामलों का सत्यापन एवं विचारार्थ भेजे गए मामलों पर अध्यक्ष के निदेशानुसार विशेष लेखा परीक्षा चलाना आदि आन्तरिक लेखा परीक्षा प्रभाग के मुख्य कार्य हैं । रिपोर्ट अवधि के दौरान देश भर फैले 46 कार्यालयों/संस्थापनाओं में आन्तरिक लेखा परीक्षा के निरीक्षण चलाये गये ।

वर्ष 2001-02 के बोर्ड के लेखों की लेखा परीक्षा महालेखाकार, केरल द्वारा की गई तथा उनसे 26 खंडवाले

लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्राप्त हुई । रिपोर्ट में सम्मिलित सभी खंडों के उत्तर तैयार करके भेज दिए गए। 31.3.2002 के अनुसार वर्ष 2001-02 के खंडों सहित लंबित लेखा परीक्षा खंडों की संख्या 91 है । वाणिज्य मंत्रालय के आन्तरिक लेखा परीक्षा स्कंध की निरीक्षण रिपोर्ट पर भी प्रभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है । आज तक के अनुसार रिपोर्ट के पाँच खंड लंबित है ।

भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप अनुवर्ती कार्रवाईयों के द्वारा गाडियों के उपयोग एवं अनुरक्षण तथा ईंधन के उपभोग में मितव्ययता सुनिश्चित की जा सकी ।

संबंधित कार्यालयों/इकाइयों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करके स्टॉक के वार्षिक वास्तविक सत्यापन अद्यतन कर दिया गया तथा मरम्मत के अयोग्य सामग्रियों को बेचना सुनिश्चित कर दिया।

(v) इलक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग

विभाग के अन्तर्गत के इलक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग प्रभाग कंप्यूटरीकृत कार्यक्रमों व इसके प्रयोग की देखरेख करते हैं । प्रभाग ने वेतन पंजी, वित्तीय लेखे, सामान्य भविष्य निधि लेखे, पेंशनभोगी लेखों की तैयारी, बजट तैयार करने से संबंधित कार्य, नाम सूची आदि तैयार करने के कार्य किया । बोर्ड के हार्डवेयर/सोफ्टवेयर आवश्यकताओं के प्रापण एवं अनुरक्षण के कार्य प्रभाग करता है ।

♥♥♥

भाग VII

अनुज्ञापन एवं उत्पाद शुल्क

रबड़ अधिनियम 1947 की धारा 12 के अनुसार भारत में उत्पादित सारे रबड़ का उत्पाद शुल्क (उपकर) का निर्धारण एवं संग्रह करने का दायित्व रबड़ बोर्ड को सौंपा गया है । एकत्रण लागत घटाकर भारत की समेकित निधि में इस तरह एकत्रित उपकर का जमा किया जाता है । रबड़ अधिनियम 1947 की धारा 14 के अधीन रबड़ के सभी लेनदेन बोर्ड से जारी अनुज्ञापत्र के अधीन नियंत्रित किये जाते हैं । हरेक अनुज्ञप्तधारी को उनके द्वारा खरीदे और उपयोग किये रबड़ का परिमाण सामयिक विवरणियों के द्वारा बोर्ड को प्रस्तुत करना है । प्रपत्र-एन में घोषणा से रबड़ का अन्तर्राज्य परिवहन नियंत्रित किया जाता है। विनिर्माताओं/व्यापारियों/प्रक्रमणकर्ताओं द्वारा अनुरक्षित लेखाओं व रखे गए स्टॉक की सच्चाई की जांच हेतु सामयिक निरीक्षण भी किया जाता है । इन कार्यों का निष्पादन/मॉनीटरिंग रबड़ बोर्ड के अनुज्ञापन एवं उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा किया जाता है, जिसके निम्न लिखित प्रभाग व कार्यालय हैं।

I उत्पाद शुल्क प्रभाग

रबड़ के अर्जन हेतु विनिर्माताओं को अनुज्ञप्ति जारी करना, रबड़ के उत्पाद शुल्क (उपकर) का निर्धारण, एकत्रण तथा भारत की समेकित निधि में जमा करना आदि उत्पाद शुल्क प्रभाग के मुख्य कार्य हैं।

(1) अनुज्ञापत्र जारी करना

अनुज्ञापत्र जारी करने के कार्य में प्रत्याशित विनिर्माता यूनिटों को नये अनुज्ञापत्र और वर्तमान विनिर्माताओं के अनुज्ञापत्र का अगले वर्ष हेतु नवीकरण आदि सम्मिलित हैं। वर्ष 2002-2003 के दौरान जारी किए अनुज्ञापत्रों का विवरण निम्न प्रकार है :

जारी किये नये अनुज्ञापत्र	244 सं.
अनुज्ञापत्र का नवीकरण	4696 सं.
कुल	**4940 सं.**

वर्ष के दौरान अनुज्ञापत्रधारियों के अनुरोध के अनुसार 9 यूनिटों के अनुज्ञापत्र रद्द किये थे । 31.3.2003 के अंत में कुल अनुज्ञापत्रित विनिर्माताओं की संख्या 4931 थी । 2003 मार्च 31 तक के अनुज्ञापत्रित विनिर्माताओं का राज्यवार विवरण निम्न प्रकार है :-

क्रम सं.	राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम	एककों की संख्या
01	केरल	854
02	महाराष्ट्र	578
03	पंजाब	511
04	तमिलनाडु	486
05	उत्तर प्रदेश	439
06	पश्चिम बंगाल	435
07	गुजरात	381
08	हरियाना	324

09	दिल्ली	220
10	कर्नाटक	203
11	आन्ध्र प्रदेश	160
12	राजस्थान	111
13	मध्य प्रदेश	82
14	बिहार	27
15	पोंडिच्चेरी	33
16	गोवा, दाद्रा, नागरहवेली और दमन	33
17	उड़ीसा	13
18	चंडीगढ	11
19	जम्मु एवं कश्मीर	9
20	हिमाचल प्रदेश	8
21	असम	8
22	त्रिपुरा	5
	कुल	**4931**

प्रभाग ने उद्योग के विभिन्न पणधारियों के उपयोग हेतु अनुज्ञापत्रित विनिर्माताओं की सूची तैयार की तथा वितरित की । प्रभाग ने वर्ष 2003 - 04 के लिए 2989 विद्यमान विनिर्माताओं के अनुज्ञापत्रों का नवीकरण भी किया।

(ii) विनिर्माताओं की ओर से एजेंटों/व्यापारियों द्वारा रबड़ की खरीद हेतु प्राधिकृत पत्र का पंजीकरण

वर्ष 2002-03 के दौरान रबड़ खरीदने एवं भेजने के लिए अपने अभिकर्ता व्यापारियों के नाम पर विनिर्माताओं द्वारा दिये 999 प्राधिकृत पत्रों को प्रभाग ने पंजीकृत किया था ।

(iii) शाखा/खरीद डिपो का पंजीकरण

विनिर्माताओं से प्राप्त आवेदनों के आधार पर रिपोर्ट वर्ष के दौरान 6 नयी शाखाओं/खरीद डिपो का पंजीकरण किया था ।

(iv) रबड़ की खरीद हेतु प्राधिकृत पत्र

अग्रिम उपकर संग्रह करने के बाद प्रायोगिक परीक्षणों के लक्ष्य से रबड़ प्राप्त करने के लिए नियमित अनुज्ञापत्र के स्थान विशेष प्राधिकृत पत्र 10 संगठनों/संस्थाओं को जारी किये थे ।

(v) उत्पाद शुल्क (उपकर) का निर्धारण एवं एकत्रण

वर्ष 2001-2002 के दौरान के 8182 लाख रुपये के निर्धारण के स्थान पर वर्ष 2002-03 का रबड़ पर कुल उपकर का निर्धारण 8206 लाख रुपये रहा । वर्ष के दौरान विनिर्माताओं से एकत्रित कुल अर्धवार्षिक विवरणियाँ (प्रपत्र 'एम') 10,294 रहीं । देश के विभिन्न भागों में कार्यरत संपर्क अधिकारियों तथा निरीक्षण कर्मियों ने 2181 निरीक्षण रिपोर्टें प्रस्तुत की थी, जिनपर उचित कार्रवाई की थी ।

रिपोर्ट अवधि के दौरान एकत्रित रबड़ पर उत्पाद शुल्क (उपकर) 8204लाख रुपये रहा जबकि वर्ष 2001-2002 में यह 8114 लाख रुपये रहा ।

कुल अनुज्ञापत्र शुल्क और सेवा प्रभार के तौर पर वर्ष 2002-03 के दौरान 8,85,663/- रु. संग्रहित किये थे । इसके अलावा उपकर के देरी से जमा करने के कारण दंडस्वरूप ब्याज के रूप में 8 लाख रु. की रकम का भी संग्रहण किया था ।

II बाज़ार आसूचना प्रभाग

बाज़ार आसूचना प्रभाग का प्रमुख कार्य रबड़ पर उपकर के अपवंचन को रोकना है । प्रभाग द्वारा किये गये कार्यों में ये सम्मिलित हैं:-

क) व्यापारियों के व्यापार केन्द्रों में निरीक्षण करना उनके बही खातों, विवरणियों एवं अन्य विवरणों का सत्यापन करना ।

ख) रबड़ व्यापारियों की असलीयत की जांच करना ।

ग) रबड़ के झूठे व्यापार रोकने हेतु कदम शुरू करना।

घ) व्यापारियों/विनिर्माताओं एवं संसाधकों द्वारा प्रस्तुत सांविधिक विवरणियों की आपसी जांच ।

ङ) परिवहन एवं जांच चौकी आदि में रबड़ परेषणों की जांच करना ।

च) रबड़ के अन्तर्राज्यीय परिवहन की निकट की निगरानी

इन कार्यों का निष्पादन

- तलिपरंबा, कोची, कोट्टयम एवं नागरकोइल में कार्यरत निरीक्षण दल ।
- पालक्काड, पुनलूर एवं नागरकोइल में कार्यरत बाज़ार आसूचना निरीक्षक
- केरल के पालक्काड जिला के वालयार, केरल के कासरगोड जिला के मंजेश्वरम और तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिला के कावलकिनर की जाँच चौकियों द्वारा किया गया ।

प्रभाग के संक्षिप्त कार्यकलाप है:-

- 2768 व्यापारियों का निरीक्षण किया तथा 158 व्यापारियों के अनुज्ञापत्रहीन व्यापार का पता लगाया। 452 व्यापारियों के मामले में 10,95,333 कि.ग्रा. कमी/बेहिसाब के स्टॉक/अनियमित बिक्री की विसंगति/ अनियमित मामलों का पता लगाया। संबंधित पार्टियों से रबड़ के उपकर स्वरूप 16,42,999रु. की रकम का संग्रह किया गया। दल ने 687 सड़क चेकिंग एवं जांच चौकियों, रेल पार्सल घरों व सीमा क्षेत्र का अचानक निरीक्षण किया।
- गंभीर अनियमितताओं का पता चलने के आधार पर 10 व्यापारियों के अनुज्ञापत्र रद्द किये गये तथा उपकर हानि के तौर पर 1,63,990 रु. का संग्रहण किया गया ।
- सांविधिक निम्नतम मूल्य से कम भाव पर रबड़ खरीदने के कारण 5 व्यापारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई शुरू की । एक व्यापारी को न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया तथा शेष चार मामले संबंधित न्यायालयों में लंबित है ।
- रबड़ के अन्तर राज्य परिवहन पर निगरानी को सुशक्त करने के लिए रबड़ परेषण के साथ प्रेषित दस्तावेजों की नियमित जांच केरल के दो स्थानों याने पालक्काड जिला के वालयार, कासरगोड जिला के बेंगरा मंजेश्वरम व तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिला के कावलकिणर चेक पोस्टों में की गई।
- तीन चेक पोस्टों द्वारा बरती गई निगरानी रबड़ के अवैध परिवहन का पता लगाने में सहायक रही। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान वालयार, मंजेश्वरम व कावलकिणर चेक पोस्टों के अधिकारियों ने विभिन्न कारणों से 31 परेषण रोके रखे । इनमें 12 परेषणों को वैध दस्तावेजों/ संतोषजनक स्पष्टीकरण की प्रस्तुति पर सीमा पार करने की अनुमति दी गयी एवं 19 परेषण परेषक विश्वासजनक सबूत प्रस्तुत न करने पर उपकर की रकम एवं सुरक्षा जमा के रूप में 9,79,363/- रु. एकत्रित करके मुक्त किये गए । बिक्री कर/पुलिस पदधारियों ने बिना प्रवैध दस्तावेज/ संदेहात्मक स्थिति में सीमा पार करने के लिए कोशिश किए रबड़ के 17 परेषण रोक दिए जिनके निपटान/ अंतिम निर्णय हेतु संबंधित क्षेत्र के बोर्ड की जांच चौकी पदधारियों/ निरीक्षकों (बा आ) ने आवश्यक सभी सहायताएं प्रदान कीं । निरीक्षण दल ने कोस्टल कारगो ट्रान्सपोर्ट द्वारा 1131 मेट्रिक टण रबड़ के गुप्त परिवहन का पता लगाया तथा जांच कार्य जारी है ।
- तीनों जांच चौकियाँ होकर पास किए रबड़ के 39049 परेषणों, जिनकी जांच की थी, का विवरण निम्न प्रकार है :

1. वालयार चेकपोस्ट	:	25547 परेषण
2. मंजेश्वरम चेकपोस्ट	:	8898 "
3. कावलकिणर चेकपोस्ट	:	4604 "
योग	:	**39049** "

- विभिन्न श्रेणी के 16500 बुक प्रपत्र 'एन' घोषणाओं का मुद्रण किया और विभिन्न बागानों, प्रसंस्करणकर्ताओं, व्यापारियों एवं विनिर्माताओं को 14320 प्रपत्र एन बुकों की आपूर्ति कीं। बाज़ार आसूचना प्रभाग में 52236

प्रपत्र-एन घोषणाओं की प्रतिलिपियाँ प्राप्त हुईं जिनमें अधिकतम की संवीक्षा की तथा जहाँ विसंगतियाँ देखी गयी, वहाँ संबंधित पार्टी से स्पष्टीकरण मांगे गए और उचित कार्रवाई की।

- विभिन्न व्यापारियों/विनिर्माताओं/प्रसंस्करणकर्ताओं/ बागानों से प्राप्त मासिक विवरणियों व प्रपत्र-एन घोषणाओं की प्रतिलिपियों की यादृच्छिक दुतरफी जांच की गई एवं 398 मामलों में विसंगतियां पायी गयी। अतिरिक्त रूप से रबड़ पर उपकर के रूप में 1752650/- रु. की वसूली की गयी।
- इस तरह बाज़ार आसूचना प्रभाग के प्रयासों के फलस्वरूप 46,50,002/- रु. की रकम एकत्रित की जा सकी अन्यत्र जिसका नुकसान हो जाता।

III अनुज्ञापन प्रभाग

कोची स्थित अनुज्ञापन प्रभाग के मुख्य कार्य रबड़ व्यापारियों, प्रक्रमणकर्ताओं का अनुज्ञापन तथा उनकी शाखाओं व अभिकर्ताओं का पंजीकरण, नियमों के पालन न करनेवाले व्यापारियों एवं प्रक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई शुरू करना आदि है ।

1) व्यापारियों के अनुज्ञापन

वर्षारंभ में अनुज्ञापत्रित व्यापारियों की संख्या जो 9492 थी वह मामूली-सी बढकर वर्षांत में 9722 हो गयी । रिपोर्ट अवधि के दौरान 1059 नये अनुज्ञापत्र जारी किये तथा 2472 व्यापारियों के अनुज्ञापत्र का नवीकरण किया गया । इसके अलावा 1/4/2003 से पाँच वर्षों तक की अवधि के लिए 1573 व्यापारियों के अनुज्ञापत्रों का नवीकरण किया गया।

2) प्रक्रमणकर्ताओं के अनुज्ञापन

31.3.03 के अनुसार 137 अनुज्ञापत्रित प्रक्रमणकर्ता हैं । 1/4/2003 से पाँच वर्षों तक की अवधि के लिए 20 प्रक्रमणकर्ताओं के अनुज्ञापत्र का नवीकरण किया गया।

3) व्यापारियों एवं प्रसंस्करणकर्ताओं के अनुज्ञापत्रों का निलंबन एवं प्रतिसंहरण

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 100 व्यापारियों के अनुज्ञापत्र एवं 1 प्रक्रमणकर्ता के अनुज्ञापत्र रद्द किये गये । इसके अलावा रबड़ अधिनियम एवं नियमों के उपबंधों के उल्लंघन के कारण 10 व्यापारियों के अनुज्ञापत्र निलंबित किये गये । लेकिन 1 व्यापारी के अनुज्ञापत्र उनसे संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त होने से निलंबन को रद्द किया तथा पुनस्थापित कर दिया।

4) शाखाओं व अभिकरणों का पंजीकरण

वर्ष के दौरान व्यापारियों एवं प्रक्रमणकर्ताओं की 331 नयी शाखाओं का पंजीकरण किया गया जिससे मार्च 2003 के अंत तक कुल पंजीकृत शाखाओं की संख्या बढकर 1038 हो गयी । इसके अलावा वर्ष 2002-03 के दौरान मुख्य व्यापारियों द्वारा उनके अभिकरणों के नाम उनके लिए रबड़ की खरीद करने तथा भेजने हेतु जारी 345 प्राधिकरण पत्रों को पंजीकृत किया गया ।

5) व्यापारियों से नकद का एकत्रण

व्यापारियों के अनियमित व्यापार एवं स्टॉक की विसंगतियों के कारण हुए रबड़ के उपकर की हानि को पूरा करने के लिए उनसे 9,11,123 रु. का एकत्रण किया गया।

6) प्रपत्र 'एन ' की आपूर्ति

राज्य से बाहर रबड़ के परिवहन हेतु कोची क्षेत्र में विभिन्न बागानों, व्यापारियों, प्रक्रमणकर्ताओं एवं विनिर्माताओं को प्रपत्र 'एन ' की 6218 बुकों की आपूर्ति की गई।

रिपोर्ट वर्ष के दौरान अनुज्ञापत्र शुल्क सेवा प्रभार/ रबड़ पर उपकर आदि के रूप में 49,10,672रु. एकत्रित किए ।

7) व्यापारियों का राज्यवार वितरण

क्रम सं.	राज्य/सं.शा. क्षेत्र का नाम	व्यापारियों की संख्या
01	केरल	8620
02	तमिलनाडु	195
03	पंजाब	153
04	दिल्ली	120
05	कर्नाटक	115
06	त्रिपुरा	113
07	महाराष्ट्र	95
08	पश्चिम बंगाल	76
09	उत्तर प्रदेश	67
10	गुजरात	42
11	हरियाना	38
12	असम	24
13	राजस्थान	22
14	मेघालय	14
15	आंध्र प्रदेश	6
16	बिहार	4
17	चण्डीगढ	4
18	मध्य प्रदेश	4
19	आन्डमान व निकोबार	3
20	पोंडिच्चेरी	3
21	नागालैंड	2
22	उड़ीसा	1
23	गोआ	1
24	जम्मु व काश्मीर	शून्य
	कुल	**9722**

IV उप/संपर्क कार्यालय

रबड़ पर उपकर के संग्रह की प्रगति और विविध मंत्रालयों तथा व्यापार व उद्योग के साथ संपर्क बनाए रखने और व्यापारियों एवं विनिर्माताओं के कारोबार की निगरानी की दृष्टि से बोर्ड केरल के बाहर के प्रमुख उपभोक्ता केन्द्रों में – याने चेन्नै, बैंगलूर, सेकन्दराबाद, अहम्मदाबाद, कानपुर, मुम्बई, कोलकत्ता, जलंधर और नई दिल्ली–नौ उप/संपर्क कार्यालयों का रख रखाव करते हैं । रबड़ के व्यापार में अनुज्ञापत्र देने में या रबड़ माल विनिर्माताओं को रबड़ खरीदने में आवेदकों की योग्यता का निर्धारण इन कार्यालयों का मुख्य कार्य है । रबड़ माल विनिर्माताओं एवं व्यापारियों द्वारा की गयी खरीद और उनके द्वारा रखे गए स्टोक का यादृश्चिक सत्यापन किया गया। अनुज्ञापत्रधारियों के बही खाते एवं अभिलेखों का सत्यापन भी सुनिश्चित किया था कि उनके द्वारा प्रापण किये गये सारे रबड़ के उपकर के निर्धारण से संबंधित सारे अभिलेख, बही खाते में ठीक प्रकार दर्ज किये गये हैं । उपकर राजस्व के नुक्सान को रोकने के लिए रबड़ के गैर अनुज्ञापत्रित व्यापार और रबड़ अधिनियम एवं नियमों के उपबंधों के विरुद्ध रबड़ माल के विनिर्माण करनेवालों की पहचान के लिए अचानक निरीक्षण चलाए गये। विनिर्माताओं एवं व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत विवरणियों की सच्चाई के सत्यापन हेतु उनके फैक्टरी/व्यापार स्थान का निरीक्षण करना और दुराचारों के पता लगाने हेतु अन्तर्राज्यीय रबड़ परिवहन की जांच करना इन कार्यालयों के अन्य कार्य हैं ।

क) केरल में व्यापारियों का जिलावार वितरण

क्रम सं.	जिला का नाम	व्यापारियों की संख्या
01	कोट्टयम	2304
02	कोल्लम	1734
03	एरणाकुलम	1105
04	पत्तनंतिट्टा	1069
05	तिरुवनन्तपुरम	768
06	कण्णूर	423
07	इडुक्की	409
08	मलप्पुरम	408
09	पालक्काड	350
10	कोषिक्कोड	191
11	तृश्शूर	163
12	आलप्पुषा	151
13	कासरगोड	88
14	वयनाड	57
	कुल	**8620**

♥♥♥

भाग VIII

संसाधन एवं उपज विकास

संसाधन एवं उपज विकास विभाग ने रबड़ और रबड़ काष्ठ संसाधन इकाइयों विशेषकर छोटी जोत क्षेत्र को उनकी उपजों की गुणता व विभिन्न उपायों द्वारा इसके विपणन सुधारने के लिए तकनीकी एवं वित्तीय समर्थन प्रदान करना जारी रखा ।

1.4.2001 को प्रभावी रूप से स्वाभाविक रबड़ की आयात पर से परिमाणपरक नियंत्रणों को हटाने पर भारत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों के तकनीकी विनिर्दिष्ट रबड़ संसाधकों को अपने द्वारा उत्पादित ब्लोक रबड़ की गुणता और संशक्ति सुधारने, उत्पादन लागत कम करने एवं पर्यावरण संरक्षण प्रणालियों को सुशक्त करने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना का अनुमोदन किया है । योजना के लिए मंजूर कुल परिव्यय 5 करोड रुपये था । योजना के अंतर्गत 26 ब्लोक रबड़ फैक्टरियों और 26 लाटेक्स सेंट्रिफ्यूजिंग फैक्टरियों को वित्तीय सहायताएं प्रदान की गयी । टी एस आर फैक्टरियों को नियमित रूप से आपूर्ति करने के लिए छोटी जोतों से लाटेक्स एकत्रण हेतु 242 रबड़ उत्पादक संघों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया । इस योजना के अन्तर्गत रबड़ उत्पादक संघ क्षेत्र के एक रबड़ काष्ठ संसाधन फैक्टरी को वित्तीय सहायता प्रदान की गयी ।

संसाधन एवं गुणता नियंत्रण के अद्यतन विकासों के अध्ययन हेतु रबड़ बोर्ड एवं ब्लोक रबड़ उत्पाद संसाधकों के 12 सदस्य प्रतिनिधि मंडल के लिए थाइलैंड एवं इंडोनेशिया के ब्लोक रबड़ फैक्टरियों के दौरे का आयोजन बोर्ड ने किया ।

कोलकत्ता एवं विशाखपटनम के नामोद्दिष्ट बन्दरगाहों द्वारा आयातित रबड़ की गुणता की जांच करने का कार्य बोर्ड ने जारी रखा । वर्ष 2002-03 के दौरान 24591 मेट्रिक टण रबड़ की जांच की तथा सीमा शुल्क अनुमति हेतु सिफारिश दी गयी । विहित गुणवत्ता स्तर के न होने के कारण 320 मेट्रिक टण रबड़ को अस्वीकार कर दिया था । गैर नामोद्दिष्ट बंदरगाहों द्वारा रबड़ की आयात पर भी बोर्ड ने निगरानी जारी रखी।

वर्ष के दौरान बोर्ड ने प्रेरणा देकर शीट रबड़, ब्लोक रबड़ एवं सान्द्रीकृत लाटेक्स के विभिन्न श्रेणियों के निर्यात को प्रोत्साहित किया । ऐसे निर्यात किए गए रबड़ की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु 2 दिसंबर से रबड़ की गुणवत्ता की जांच करना बोर्ड ने शुरू की । इस अवधि के दौरान 3383 मेट्रिक टण ब्लोक रबड़, 6225 मेट्रिक टण सान्द्रीकृत लाटेक्स और 24826 मेट्रिक टण आर एस एस श्रेणियों की गुणवत्ता जांच की गयी तथा निर्यात हेतु अनुमति दी गयी। गुणवत्ता जांच के आधार पर 121 मेट्रिक टण ब्लोक रबड़, 21.5 मेट्रिक टण सान्द्रीकृत लाटेक्स एवं 1393 मेट्रिक टण आर एस एस श्रेणियों को अस्वीकार कर दिया ।

विभाग ने देश में उत्पादित ब्लोक रबड़ एवं सान्द्रीकृत लाटेक्स की गुणवत्ता जांचने हेतु 172 निरीक्षण चलाए । कच्चे रबड़, लाटेक्स, रसायन, बहिस्राव आदि की परीक्षण सुविधाएं संसाधकों एवं उपभोक्ताओं को प्रदत्त की तथा 16846 नमूनों की जांच की । बोर्ड ने इसके केन्द्रीय

तकनीकी विनिर्दिष्ट रबड़ (ब्लोक रबड़)

परीक्षण प्रयोगशाला हेतु राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय राउंड रोबिन क्रॉस जांचों में भागीदारी की ।

बोर्ड ने अपने आदर्श टी एस आर फैक्टरी, पाइलट लाटेक्स प्रक्रमण केंद्र, पाइलट क्रम्ब रबड़ फैक्टरी एवं रेडियेशन व वल्कनीकृत स्वाभाविक रबड़ लाटेक्स संयंत्र द्वारा रबड़ संसाधकों को संसाधन व गुणता नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण एवं आई एस ओ 9000 गुणता प्रबंधन प्रणाली के निदर्शन एवं प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदत्त करना जारी रखा ।

भारत से रबड़ के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए बोर्ड ने आर एस एस श्रेणियों के लिए विनिर्देश जारी करने तथा ब्लोक रबड़ एवं सान्द्रीकृत लाटेक्स के प्रभावी मानकों को संशोधित करने हेतु भारतीय मानक ब्यूरो को एक प्रस्ताव पेश किया है ताकि वे मुख्य स्वाभाविक रबड़ एवं लाटेक्स के उत्पादक देशों के मानकों के समान हो जाए। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित एक बैठक में इन पर चर्चा की जा चुकी है तथा भारतीय मानक ब्यूरो के स्तर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बोर्ड ने रबड़ उत्पादक संघ और सहकारी क्षेत्र के प्रक्रमण एवं विपणन कंपनियों को रबड़ के संसाधन एवं विपणन एवं बागान निवेशों के वितरण हेतु तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखा ।

भारत रबड़ परियोजना नामक विश्व बैंक सहायता प्राप्त परियोजना के अधीन संस्थापित आदर्श रबड़ काष्ठ फैक्टरी ने संसाधन एवं मूल्य वृद्धि, गुणता नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण प्रणालियों में रबड़ काष्ठ संसाधकों एवं नये उद्यमियों को निदर्शन और प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदत्त करना जारी रखा ।

विश्व बैंक सहायता प्राप्त परियोजना के अधीन संस्थापित रबड़ काष्ठ परीक्षण प्रयोगशाला ने रबड़ काष्ठ संसाधकों को परीक्षण सुविधाएं प्रदत्त की, प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान कीं तथा भारतीय रबड़ गवेषण संस्थान द्वारा चलाये रबड़ काष्ठ संबंधी कुछ अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में भागीदारी की।

भारतीय मानक ब्यूरो ने रसायनिक उपचार किये और भट्टे में सुखाए रबड़ काष्ठ के मानक निकाले । सरकारी संस्थाओं में रबड़ काष्ठ के उपयोग को प्रोत्साहित करने के मद्देनज़र केरल सरकार ने फर्नीचरों के निर्माण हेतु संसाधित रबड़ काष्ठ का अनुमोदन किया तथा केरल सरकार के स्टोर्स पर्चेस रूल्स को तदनुसार संशोधित भी किया।

फर्नीचर एवं आन्तरिक सजावट की सामग्रियों के लिए उपयुक्त पर्यावरण के अनुकूल की लकडी के रूप में संसाधित रबड़ काष्ठ को पेश करने के लिए कदम उठाये

गये । भारतीय विज्ञान संस्थान ने अपने 920 कमरेवाले नये छात्रावास परिसर में सजावट हेतु संसाधित रबड़ काष्ठ उपयुक्त करने का निर्णय लिया है । यह भारत के अग्रणी सरकारी/अर्धसरकारी अनुसंधान/ शैक्षणिक संस्थानों में आन्तरिक सजावट सामग्रियाँ व फर्नीचर हेतु रबड़ काष्ठ को प्रोत्साहित करने में सहायक होगा । बोर्ड निम्नलिखित राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय मेलाओं में भाग लिया तथा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ारों में रबड़ काष्ठ और रबड़ काष्ठ उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए इन पर तकनीकी साहित्य एवं पर्चियों का वितरण किया ।

राष्ट्रीय मेलाएं

01 इनसाइड आउटसाइड मेगा शो, चेन्नै, सितंबर 2002

02 सोसाइटी इंटीरियर्स एक्स्पो, चेन्नै, अक्तूबर 2002

03 इन्डेक्स-2002, मुम्बई, अक्तूबर 2002

04 इनसाइड आउटसाइड मेगा शो, बैंगलूर, अक्तूबर 2002

05 भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, नई दिल्ली, नवंबर 2002

06 इन्टरबिल्ड, नई दिल्ली, दिसंबर 2002

07 इंडिया इन्टरनाशनल फर्नीचर फेयर, बैंगलूर, फरवरी 2002

08 आई आई डब्ल्यू टी-2003, चेन्नै, फरवरी 2003

अन्तर्राष्ट्रीय मेलाएं

01 इंडिया ट्रेड फेयर, ओसाका, जापान, नवंबर 2002

